रोहतक

मंगलवार, 2 जुलाई 2024

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 156

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 34.9

न्यून. 23.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





07 भारत का '10 का दम', महिला टीम ने टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया

### राहुल के हिंदू वाले बयान पर संसद में हंगामा, शाह बोले-माफी मांगें कांग्रेस नेता

# राहुल बोले-जो खुद को हिंदू कहते हैं वही हिंसा फैलाते हैं, मोदी का जवाब-पूरे समुदाय को हिंसक कहना गलत

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर देश में हिंसा, नफरत और डर फैलाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 'ये लोग हिंदू नहीं हैं'। जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध जताया और पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। राहुल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता।

### राहुल का वार



भाजपा के लोग देश में हिंसा, नफरत और डर फैलाने का काम कर रहे हैं। ये खुद को हिंदू कहते हैं और 24 घंटे, हिंसा, नफरत और असत्य फैलाते हैं। हिंदू कभी भी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता।

*- राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष*

### पीएम का पलटवार



पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना यह बहुत गंभीर विषय है। यह बात बहुत गंभीर है। इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता को सदन से माफी मांगनी चाहिए।

*- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*

### इन मुद्दों पर भी सरकार को घेरा

इसके अलावा राहुल ने मोदी सरकार और भाजपा को 20 से ज्यादा मुद्दों पर घेरा। उन्होंने हिन्दू, अग्निवीर, किसान, मणिपुर, नीट, बेरोजगारी, नोटबंदी, जीएसटी, एमएसपी, हिंसा, भय, धर्म, अयोध्या, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अडाणी-अंबानी, प्रधानमंत्री और स्पीकर की चर्चा की। उन्होंने 90 मिनट के भाषण की शुरुआत संविधान की कॉपी दिखाकर की।

### सत्तापक्ष और विपक्ष में तू-तू, मैं-मैं

भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई। राहुल ने अग्निवीर, पीएम मोदी के परमात्मा से डायरेक्ट कनेक्शन और किसानों के एमएसपी कानून की बात कही। इस पर पीएम 2 बार, शाह-राजनाथ 3-3 बार, शिवराज चौहान और भूपेंद्र यादव ने एक-एक बार खड़े होकर टोका। वहीं, अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता को इस मुद्दे पर माफीमांगनी चाहिए। *पैकेज पेज 9 पर*

### विधानसभा चुनाव से पहले सीएम नायब सैनी का ऐलान

# एचकेआरएन के तहत लगे 1.19 लाख कर्मियों का वेतन 8% बढ़ा, लेवल-1, 2, 3 श्रेणी के कर्मचारियों को लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सीएम नायब सिंह ने विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से लगे करीब 1.19 लाख कर्मचारियों को तोहफा दिया है। सीएम ने लेवल-1, 2, और 3 श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन आठ फीसदी बढ़ाने का ऐलान किया है। बढ़े वेतन का लाभ पहली जुलाई, 2024 से मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा यहां भारतीय मजदूर संघ के साथ आए विभिन्न मजदूर संघों व एचकेआरएन के कर्मचारियों के साथ बैठक के दौरान की। एचकेआरएन के तहत लेवल- 1 में 71,012, लेवल- 2 में 26,915 और लेवल-3 में 21,934 कर्मचारी हैं। एचकेआरएन के तहत रखे गए कर्मचारियों में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं को भी लाभ दिया गया है।

**एक जुलाई से मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन, 2 से 3 हजार रुपये बढ़ेंगे टीजीटी-पीजीटी शिक्षकों का अनुबंध भी बढ़ाया**



### यह मिलेगा वेतन

| श्रेणी | कर्मचारी | वेतन पहले | वेतन अब |
|---|---|---|---|
| लेवल-1 | 71,012 | 18,400 | 19,872 |
| लेवल-2 | 26,915 | 21,650 | 23,382 |
| लेवल-3 | 21,934 | 22,300 | 24,084 |

### जिलों की श्रेणी के हिसाब से

- श्रेणी-2 के जिलों में लेवल-1 कर्मियों को 16,250 से बढ़कर 17,550 रुपये, लेवल-2 को 19,450 से 21,600 रुपये व लेवल-3 को 20,100 से बढ़कर 21,708 रुपये का वेतन मिलेगा।
- श्रेणी-3 के जिलों में लेवल-1 कर्मियों को 15,050 से बढ़कर 16,254 रुपये, लेवल-2 को 18,300 से 19,764 रुपये और लेवल-3 को 18,900 से बढ़कर 20,412 रुपये वेतन मिलेगा।

**रोहतक पीजीआई में मुफ्त होगा किडनी-लिवर का ट्रांसप्लांट**

प्रदेश सरकार ने राज्य में लिवर और किडनी के रोगों से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। सीएम सैनी ने मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना के तहत पात्र रोगियों को 3 लाख रुपये तक की मुफ्त किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट सेवा की मंजूरी दे दी है। सीएम ने पीएमजेएवाई योजना के तहत 3 लाख के विशेष फिक्स्ड किडनी और लिवर ट्रांसपोर्ट पैकेज बनाने की मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि इस नई पहल के साथ, चिह्नित मरीज पीजीआईएमएस रोहतक में बिना किसी खर्च के किडनी और लिवर प्रत्यारोपण करवा सकेंगे।

### अंदर के पन्नों पर


- ▶▶ 10 लाख लोगों को हैप्पी कार्ड जल्द दिए जाएंगे : सीएम पेज-2
- ▶▶ अग्निपथ योजना में तत्काल बदलाव की गुंजाइश नहीं पेज-5
- ▶▶ जुलाई में भारत में सामान्य से अधिक होगी बारिश पेज-10


### खबर संक्षेप

### वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 30 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमत में सोमवार को 1.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई। हालांकि, होटल तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलो) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमत अब 96,148.38 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। भाषा

### मध्यप्रदेश में 'कुलपति' अब कहलाएंगे कुलगुरु

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने विश्वविद्यालयों के 'कुलपति' पद का नाम बदलकर कुलगुरु करने के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा,'(कुलपति पद का नाम बदलकर कुलगुरु करने का) यह कदम हमें हमारी संस्कृति और गुरु परंपरा से जोड़ता है। राज्य मंत्रिमंडल ने कुलपति पद का नाम बदलकर कुलगुरु करने के लिए संबंधित अधिनियम में संशोधन को अनुमति दे दी। भाषा

### लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि बने सेना के उप प्रमुख

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने सेना के नए उप प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पहले वह सेना के मध्य कमान का नेतृत्व कर रहे थे। सुब्रमणि ने इस पद पर जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह ली है। जनरल द्विवेदी ने रविवार को सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया था। सेना ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि को पश्चिमी और उत्तरी, दोनों सीमाओं पर सैन्य अभियान गतिशीलता की गहरी समझ है।

### नाडा मेरा करियर खत्म करना चाह रहा : बजरंग

**नई दिल्ली।** पहलवान बजरंग पुनिया ने आरोप लगाया कि खामियों को उजागर करने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की उनके करियर को खत्म करना चाहता है। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूने नहीं दिए थे। बजरंग ने कहा कि नाडा मेरे साथ गलत कर रहा है। भाषा

### देश में 3 नए कानून संहिता लागू हुए

### गृह मंत्री शाह बोले-अब दंड की जगह न्याय मिलेगा

# नए कानून के तहत केस दर्ज होने के 3 वर्ष के भीतर न्याय मिलेगा

### 77 साल के बाद न्याय व्यवस्था स्वदेशी हुई ● अपराध कम होंगे ● बीएनएस में भी 15 दिन हिरासत का प्रावधान

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय मिलेगा। शाह ने नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होने की संभावना है। अब देश में अंग्रेजों के जमाने से चल रहे कानून खत्म हो गए हैं। शाह ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अब पूरी तरह से स्वदेशी हो गया है। अब दंड की जगह न्याय मिलेगा। मामलों में देरी की जगह स्पीडी ट्रायल होगा। साथ ही सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम बनेगा। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) (1860), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) (1973) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' (1872) की जगह ली है। **(पेज 9 भी देखें)**

### भारत सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली वाला देश

शाह ने कहा कि तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। 'नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं, जिनमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से समन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल हैं।'

### ग्वालियर में पहला केस दर्ज

शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया। पुलिस ने मध्य दिल्ली के कमला मार्केट में सार्वजनिक मार्ग को कथित रूप से बाधित करने वाले एक ठेले से पानी और तंबाकू उत्पाद बेचने वाले एक रेहड़ी-पटरी वाले के खिलाफ दर्ज मामला जांच के बाद खारिज कर दिया है।



### महिलाओं के लिए खास

- गैंगरेप में 20 साल की सजा, आजीवन कारावास का प्रावधान
- यौन संबंध के लिए झूठे वादे करना या पहचान छिपाना अब अपराध
- शादी का झूठा वादा करके शारीरिक संबंध बनाना भी अपराध
- पीड़िता के घर पर महिला अधिकारी की मौजूदगी में दर्ज होगा बयान

### बुजुर्गों के लिए ये राहत

- 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों को पुलिस थाने आने से छूट
- अपने निवास स्थान से ही प्राप्त कर सकेंगे पुलिस सहायता

### बच्चों की सुरक्षा

■ बच्चों से अपराध करवाना, आपराधिक कृत्य में शामिल करना दंडनीय ■ नाबालिग बच्चों की खरीद-फरोख्त जघन्य अपराधों में शामिल ■ नाबालिग से गैंगरेप पर आजीवन कारावास या मृत्युदंड ■ पीड़ित का अभिभावक की उपस्थिति में दर्ज होगा बयान

### 60 दिन में आरोप तय होंगे

■ नए कानूनों के तहत, आपराधिक मामलों में फैसला सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर आना चाहिए। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाने चाहिए। ■ छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा प्रदान करके न्याय-केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं। ■ संगठित अपराध, आतंकवाद और 'भीड़ द्वारा पीटकर हत्या' की घटनाओं को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह का प्रावधान किया गया है और सभी तलाशी और जब्ती की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य की गई है।

### 358 धाराएं रह गईं

भारतीय दंड संहिता में 511 के मुकाबले केवल 358 धाराएं रह गईं। उदाहरण के लिए, धारा 6 से 52 तक बिखरी परिभाषाओं को एक धारा के तहत लाया गया है। 18 धाराएं पहले ही निरस्त हो चुकी हैं व वजन और माप से संबंधित 4 धाराएं कानूनी माप विज्ञान अधिनियम, 2009 के अंतर्गत लाई गई हैं।

### प्रदेश के इन जिलों में नई धाराओं में केस

**भिवानी** : सदर थाने में नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में एक युवक पर बीएनएस 137 व 96 के तहत केस

**हिसार** : सदर थाना में बीएनएस की धारा 303 के तहत पांच लोगों के खिलाफ बकरी चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया गया।

**हिसार** : शहर थाना में मोबाइल छीनने के आरोप में दो युवकों पर धारा 3 (5) और 316 (2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

**अग्रोहा** : धारा 303 के तहत बाइक चोरी का केस दर्ज हुआ।

**जींद** : सिविल लाइन थाने में धारा 303 के तहत बाइक चोरी का केस।

**रोहतक** : फायरिंग के आरोप में युवक पर आईएमटी थाने में धारा 109, 109 (1), 3 (5) 25, 27, 54, 59 के तहत केस दर्ज हुआ है।

**रोहतक** : सांपला थाने में कार चोरी के मामले में धारा 303 के तहत केस दर्ज व बहु अकबरपुर थाने में धारा 125ए, 281 के तहत केस।

### मेधा पाटकर को 5 माह जेल की सजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल रहे विनय कुमार सक्सेना की ओर से दायर आपराधिक मानहानि मामले में दिल्ली की साकेत कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता और नर्मदा बचाओ आंदोलन की प्रमुख मेधा पाटकर को पांच महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने मेधा पाटकर पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया और जुर्माने की राशि वीके सक्सेना को देने का निर्देश दिया है।मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को मानहानि का दोषी पाया और उन्हें सक्सेना की प्रतिष्ठा को हुए नुकसान के लिए मुआवजे के रूप में 10 लाख का भुगतान करने का निर्देश दिया, साथ ही कोर्ट ने उम्र का हवाला देने वाली दलील को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह केस 25 साल तक चला। हालांकि, कोर्ट ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 389(3) के तहत सजा को 1 अगस्त तक निलंबित कर दिया।



मानहानि मामले में दिल्ली की कोर्ट का फैसला

नर्मदा बचाओ आंदोलन की प्रमुख हैं मेधा

### राजस्थान में ट्रक से बोलेरो टकराई, 9 की जान गई

**करौली(एजेंसी)।** राजस्थान के करौली में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में 2 बच्चों व 6 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हो गई। 4 लोग घायल हैं। हादसा सोमवार शाम करीब 5 बजे हुआ। एसपी ब्रजेश ज्योति ने उपाध्याय ने बताया कि करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बोलेरो में सवार लोग कैला देवी के दर्शन करके लौट रहे थे।

**मरने वालों में 2 बच्चे, 6 महिलाएं कैला देवी के दर्शन करके लौट रहे थे**

### आबकारी नीति : केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। यह याचिका सोमवार को दायर की गई और इसे न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। केजरीवाल ने अधीनस्थ अदालत के 26 जून के उस आदेश को चुनौती दी, जिसके तहत उन्हें सीबीआई की तीन दिन की हिरासत में भेजा गया।

**सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी को दी है चुनौती**

### रामलला के पुजारियों के लिए नया ड्रेस कोड लागू

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में रामलला के पुजारियों के लिए सोमवार से ड्रेस कोड लागू हो गया। मुख्य पुजारी, 4 सहायक पुजारी व 20 ट्रेनी पुजारी एक खास परिधान में दिखेंगे। अब तक गर्भगृह में पुजारी केसरिया रंग के कपड़ों में दिखते थे, लेकिन राम मंदिर ट्रस्ट ने इसमें बदलाव किया है। अब पुजारियों को पीतांबरी (पीली) चौबंदी के साथ धोती और सिर पर साफा बांधना होगा। दरबार में 1 जुलाई से पुजारी स्मार्टफोन भी नहीं ले जा पाएंगे। राम मंदिर ट्रस्ट ने सुरक्षा कारणों से यह निर्णय लिया है।

**पीतांबरी चौबंदी, धोती और सिर पर साफा**

### बारामूला से आतंकवादियों का मददगार गिरफ्तार

**बारामूला (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के बारामूला में सुरक्षा बलों ने सोपोर इलाके में आतंकियों के एक मददगार को पकड़ा है। सोमवार देर रात पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने सोपोर के बोमई इलाके के माचीपोरा में एक गाड़ी को रोका। ड्राइवर ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया। पकड़े गए शख्स की पहचान बारामूला के वहीद उल जहूर के रूप में हुई है। वहीद के पास से दो टर्किश पिस्टल, तीन मैगजीन, 41 राउंड, एक साइलेंसर, दो चीनी ग्रेनेड और आईईडी बनाने का सामान जब्त किया गया है।

**भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद**

### प्रदेश में कल होगी 12वीं की कम्पार्टमेंट परीक्षा

**भिवानी(हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक कम्पार्टमेंट, की एक दिवसीय परीक्षा का संचालन 03 जुलाई को होगा। इस परीक्षा में 20707 परीक्षार्थी, जिनमें 12529 छात्र व 8178 छात्राएं 75 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षा का समय 2:00 बजे से 5:00 बजे तक रहेगा। यह जानकारी बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने दी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास धारा 144 लागू रहेगी।

**प्रदेश में 75 परीक्षा केन्द्र बनाए**

**नीट-यूजी मामला**

# ओएमआर शीट से छेड़छाड़ केस में दो हफ्ते बाद सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी नीट-यूजी में ओएमआर शीट से छेड़छाड़ के मामले में सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तारीख तय की है। याचिका सोमवार को न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष पेश की गई। मेडिकल प्रवेश परीक्षा देने वाले याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल की ओएमआर शीट बदल दी गई। पीठ ने वकील से कहा कि याचिकाकर्ता 23 जून को दोबारा हुई परीक्षा में बैठने की अनुमति मांग रहा था। पीठ ने कहा, 'परीक्षा (दोबारा परीक्षा) 23 जून को समाप्त हो गई।'



### यह कहा पीठ ने

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली और इसे रद्द करने का अनुरोध करने वाली कई अन्य याचिकाएं उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं। शुरुआत में पीठ ने कहा कि वह याचिका को अगले हफ्ते सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी। उसने कहा, 'अगर आप भाग्यशाली रहे तो आपको किसी अन्य मामले में कोई आदेश मिल जाएगा।'

**रिजल्ट** नया स्कोरकार्ड भी जारी, 1563 उम्मीदवारों ने दी थी परीक्षा

### *5 मई को हुए एग्जाम में 6 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स के साथ 720 अंक मिले*

# नीट-यूजी: री-एग्जाम का परिणाम घोषित, 67 से घटकर 61 टॉपर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को नीट-यूजी रीएग्जाम का रिजल्ट जारी कर दिया। री-एग्जाम में शामिल हुए 813 उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट exams.nta.ac.in पर जाकर अपना नया स्कोरकार्ड चेक कर सकते हैं। री-एग्जाम रिजल्ट जारी होने के बाद अब टॉपर्स की गिनती 67 से घटकर 61 हो गई है। नीट-यूजी री-एग्जाम उन 1563 उम्मीदवार के लिए हुआ था, जिन्हें रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स मिले थे। इनमें से सिर्फ 813 ही री-एग्जाम में शामिल हुए थे। 720 में से 720 नंबर पाने वाले 6 में से 5 छात्र री-एग्जाम में शामिल हुए थे। इनमें से किसी ने भी री-एग्जाम में टॉप नहीं किया है। हालांकि, सभी 5 कैंडिडेट्स ने रीएग्जाम में 680 से ज्यादा स्कोर किया है। छठे उम्मीदवार को भी ग्रेस मार्क्स हटाकर बने नंबरों की मार्कशीट दी जाएगी। ऐसे में अब टॉपर्स की गिनती 6 कम हो गई है। नीट-यूजी 2024 काउंसलिंग प्रोसेस 6 जुलाई 2024 से शुरू होने वाली है।

### 23 जून को रीएग्जाम हुआ



एनटीए ने ग्रेस मार्क्स पाकर सिलेक्ट हुए 1563 कैंडिडेट्स के लिए 23 जून को दोबारा एग्जाम कराया गया था। लॉस ऑफ टाइम के चलते हुए नुकसान की भरपाई के लिए ग्रेस मार्क्स दिए गए थे।

**रीएग्जाम में 720 में से 720 अंक पाने वाले छात्रों में कोई भी टॉपर नहीं आया**

### 750 रीएग्जाम में शामिल नहीं हुए

री-एग्जाम में 750 उम्मीदवार नहीं शामिल हुए। कुल 1563 में से 813 कैंडिडेट्स ही एग्जाम में शामिल हुए थे। चंडीगढ़ में 2 उम्मीदवारों के लिए एग्जाम सेंटर बनाया गया था, उनमें से कोई भी परीक्षा देने नहीं पहुंचा। छत्तीसगढ़ से कुल 602 में से 291 कैंडिडेट्स , गुजरात से 1 कैंडिडेट, हरियाणा से 494 में से 287 कैंडिडेट्स और मेघालय के तुरा से 234 कैंडिडेट्स एग्जाम में शामिल हुए।

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। यूपीएससी के अनुसार, यह परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा के अंक, 'कट ऑफ अंक' और 'उत्तर कुंजी' सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। यूपीएससी के पास धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नयी दिल्ली में परीक्षा हॉल भवन के पास एक सुविधा काउंटर है, जहां से उम्मीदवार अपने परीक्षा परिणाम के बारे में कोई भी जानकारी या स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टरों ने काले बिल्ले लगाकर किया काम

**चंडीगढ़।** आखिरकार प्रदेश के नाराज डाक्टरों ने सोमवार को काले बिल्ले लगाकर काम किया और अपनी मांगों को हल नहीं किए जाने के विरोध में आगे भी इसी तरह से आंदोलन जारी रखने का फैसला लिया है।राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर चंडीगढ़ और पंचकूला से लेकर प्रदेश के अधिकांश अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, पीएचसी और सीएचसी पर अधिकांश डाक्टर काले बिल्ले लगाकर मरीज देखते हुए नजर आए। प्रदेश के डॉक्टरों की एसोसिएशन की ओर से पहले ही आंदोलन की चेतावनी दी गई थी।

### हाईकोर्ट को देंगे स्थानीय कानूनों की सॉफ्ट कॉपी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को राज्य के स्थानीय कानूनों की अंग्रेजी तथा संबंधित स्थानीय भाषा में सॉफ्ट कॉपी यानी राज्य अधिनियमों तथा अधीनस्थ विधानों (उनके अधीन बनाए गए नियमों) का अद्यतन संस्करण, जिसमें सभी संशोधनों को शामिल किया गया हो, पीडीएफ प्रारूप में एकल फाइल के रूप में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को सीधे उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उन्हें इसकी सूचना मानव संसाधन विभाग को भी देनी होगी।मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में जारी एक पत्र के अनुसार सभी सचिवों तथा विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है।

### कार्यकारिणी की बैठक के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह

**पंचकूला।** विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी के सफल आयोजन के बाद सोमवार को पार्टी कार्यालय पंचकमल में दो महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में जिन कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई थी उनके कामों की समीक्षा की गई। दूसरी बैठक आगामी कार्यक्रमों और 7 जुलाई को होने वाली जिला कार्यकारिणी बैठक की तैयारियों को लेकर की गई। बैठक में विस स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता भी पहुंचे।

## मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग की बैठक में योजना की समीक्षा की

# 10 लाख लोगों को हैप्पी कार्ड जल्द वितरित किए जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हैप्पी (हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना) कार्ड का जल्द से जल्द वितरण करें ताकि इस योजना के तहत कवर होने वाले लोग निःशुल्क बस यात्रा का लाभ उठा सकें।मुख्यमंत्री यहां परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में परिवहन मंत्री असीम गोयल भी उपस्थित थे।

■ बसों में नि:शुल्क यात्रा कर सकेंगे

मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा हैप्पी कार्ड के वितरण से संबंधित पूछे गए सवाल पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि अभी तक करीब सवा तीन लाख कार्ड वितरित किये जा चुके हैं, कुल दस लाख कार्ड प्रिंट हो चुके हैं और इनका भी जल्द वितरण कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैप्पी कार्ड योजना के तहत सभी लाभार्थी कवर होंगे, इसलिए एक विशेष अभियान चलाकर बचे हुए लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड का जल्द से जल्द वितरण सुनिश्चित किया जाए, इसके लिए अतिरिक्त कार्य-बल की नियुक्ति की जाए।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा परिवहन विभाग द्वारा अलग-अलग 42 श्रेणियों को दी जा रही रियायती बस पास सुविधा की समीक्षा करते हुए कहा कि हालांकि प्रदेश सरकार ने सरकारी बसों की सुविधा को आमजन की सेवा के लिए शुरू किया हुआ है, फिर भी परिवहन विभाग को बस स्टैंड आदि पर कमर्शियल गतिविधियों का संचालन करके अतिरिक्त आमदनी की संभावनाएं भी तलाशनी चाहिएं।



चंडीगढ़। परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### हादसे में घायलों का तुरंत इलाज करवाएं : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जनसंवाद और सीएम विंडो पर परिवहन विभाग से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निवारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन शिकायतों को निपटाने में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले अनजान लोगों के तत्काल इलाज के लिए कोई खास नीति बनाने के भी निर्देश दिए ताकि कोई घायल व्यक्ति पैसे की कमी के कारण इलाज करवाने से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, स्कूल शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी अनुपमा, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क, राज्य परिवहन विभाग निदेशक सुजान सिंह, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक जितेंद्र कुमार, परिवहन आयुक्त यशेंद्र सिंह के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बिना डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन मिलेगी सरकारी नौकरी

**चंडीगढ़।** सरकार ने निर्णय लिया है कि 30 सितंबर तक हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग और हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा किसी भी पद पर नियुक्ति के संबंध में अनुशंसित सभी उम्मीदवारों को उनके चरित्र, पूर्ववृत्त और नियुक्ति के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों के पूर्व सत्यापन के बिना अंतरिम आधार पर नियुक्त किया जा सकता है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा इस आशय का एक पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार, चरित्र, पूर्ववृत्त और अंतिम नियुक्ति के लिए आवश्यक सभी अन्य दस्तावेजों का सत्यापन तीन महीने की बजाय उनकी अंतरिम नियुक्ति के बाद दो महीने की अवधि के भीतर पूरा किया जाएगा। सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, सभी बोर्डों, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मुख्य प्रशासकों और प्रबंध निदेशकों, सभी मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों और राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को इन निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



■ अंतरिम नियुक्ति के बाद दो माह के भीतर पूरा किया जाएगा दस्तावेजों का सत्यापन

## इनेलो नेता राजपाल रोड कांग्रेस में शामिल



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी को प्रदेश में अपनी हार का एहसास हो गया है। इसीलिए वह जनता की नजरों में धूल झोंकने के लिए आनन-फानन में घोषणाएं कर रही है। लेकिन जनता अब उसके झांसे में आने वाली नहीं है। जनता चुनाव में बीजेपी से 10 साल के अत्याचार का बदला लेगी और इस बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएगी।

हुड्डा पानीपत से इनेलो जिला अध्यक्ष डॉ. राजपाल रोड की कांग्रेस में ज्वाइन के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। हुड्डा ने राजपाल रोड का पार्टी में स्वागत किया और उन्हें पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अन्य नेता मौजूद रहे।

## नए आपराधिक कानूनों को तुरंत रोका जाए : सैलजा

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव में राजनीतिक व नैतिक झटके के बाद पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा वाले संविधान का आदर करने का खूब दिखावा कर रहें हैं, पर सच तो ये है कि आज से जो आपराधिक न्याय प्रणाली के तीन कानून लागू हो रहे हैं, वो 146 सांसदों को सस्पेंड कर जबरन पारित किए गए। अब ये बुलडोजर न्याय संसदीय प्रणाली पर नहीं चलने देगा। उन्होंने कहा कि इस बिल को फिर से संसद में पेश कर उस पर बहस करवाकर पारित करवाया जाए।



### लोकतांत्रिक तरीके से लागू नहीं किया गया : इनेलो

चंडीगढ़। इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने 1 जुलाई से केंद्र सरकार द्वारा आईपीसी, सीआरपीसी और आईईए की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे तीन आपराधिक कानून लागू किए जाने पर कहा कि इन कानूनों को लोकतांत्रिक तरीके से लागू नहीं किया गया है। जब ये कानून संसद में पारित किए गए थे तब सदन में 146 सांसदों को निलंबित किया गया था।

## लेफ्टिनेंट जनरल राजेश ने खरगा कोर के कमांडिंग अफसर का पदभार संभाला



**अंबाला।** लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने सोमवार को प्रतिष्ठित खरगा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में पदभार संभाला। वे एक बख्तरबंद कोर अधिकारी हैं। उन्हें ऑपरेशनल और नॉन ऑपरेशनल दोनों क्षेत्रों में कमांड, स्टाफ और इंस्ट्रक्शनल नियुक्तियों में व्यापक अनुभव है। खरगा कोर से पहले जनरल ऑफिसर ने एक ऑपरेशनल एरिया में एक बख्तरबंद रेजिमेंट, एक रणनीतिक स्वतंत्र बख्तरबंद ब्रिगेड और देश के पश्चिमी क्षेत्र में एक इन्फेंट्री डिविजन की कमान भी संभाली है। अपने 35 वर्षों से अधिक के सैन्य करियर में उन्हें भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल, भूटान और रक्षा और सैन्य क्षेत्रों में सक्रिय रहे । भारतीय दूतावास, मास्को में आर्मेनिया और बेलारूस से मान्यता के साथ सेवा करने का भी गौरव प्राप्त है। जनरल ऑफिसर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट सिकंदराबाद और नेशनल डिफेंस कॉलेज ऑफ इंडिया नई दिल्ली से स्नातक हैं।

## तीन लाख रुपये तक के मुफ्त किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट पैकेज को मंजूरी

**चंडीगढ़।** प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने एक ऐतिहासिक पहल को स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना (एमएमएमआईवाई) के तहत पात्र रोगियों को 3 लाख रुपये तक की मुफ्त किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस परिवर्तनकारी कदम के अलावा, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - आयुष्मान भारत (पीएमजेएवाई-एबी) योजना के तहत 3 लाख रुपये के विशेष फिक्स्ड किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट पैकेज के निर्माण को भी मंजूरी दी है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और रोगी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस नई पहल के साथ, चिन्हित मरीज पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक में बिना किसी खर्च की चिंता के गंभीर किडनी और लिवर प्रत्यारोपण करवा सकेंगे।

## एनजीटी के फरमान का असर : पुरानी बीएस-3 बसों को हटाने की तैयारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विभिन्न जिलों से दिल्ली जाने वाली सैकड़ों बसों को रूट से हटाने की तैयारी है। हरियाणा सरकार बीएस-3 बसों को हटाने की तैयारी में जुटी है। विभाग इस साल के अंत तक इन सभी बसों को दिल्ली जाने वाले रूट से हटा देगा। वायु गुणवत्ता आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में दूसरे राज्यों से आने वाली प्रदूषित ईंधन पर चलने वाली बसों को 31 मार्च 2025 तक स्वच्छ ईंधन में बदलने का अल्टीमेटम दिया है। हरियाणा में बीएस 3 की करीब एक हजार बसें हैं। इनमें से 500 बसें एनसीआर डिपो में चलती हैं। परिवहन विभाग इन सभी बसों को धीरे-धीरे कंडम कर देगा। यहां पर बता दें कि अक्तूबर के अंतिम सप्ताह में दिल्ली-एनसीआर का एरिया प्रदूषण की चपेट में आ जाता है। लोगों को सांस लेना तक दूभर होता है। प्रदूषण फैलाने में डीजल बसों का भी अहम रोल है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वाहनों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

## कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति से ग्रस्त : देब

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा के प्रभारी एवं सह चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब के निशाने पर कांग्रेस और भूपेंद्र एवं दीपेंद्र हुड्डा का परिवारवाद है। बिप्लब देब ने कल रविवार को हुई विस्तृत कार्यकारिणी बैठक में पांच हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने स्पष्ट संकेत दिया कि वे आगामी दिनों में भी हरियाणा में बाप-बेटे की परिवारवाद की राजनीति, कांग्रेस की ग़लत नीतियों को टारगेट करते रहेंगे। बिप्लब देब ने तो भाजपा कार्यकर्ताओं को भी कह दिया है कि वे एकता के साथ कांग्रेस की झूठी राजनीति की पोल खोलें। घर-घर जाएं और बताएं कि कैसे कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 8500 रुपए फटाफट देने और संविधान समाप्त होने की झूठी व भ्रामक बातें फैलाकर लोगों को ठगा है। विस्तृत कार्यकारिणी में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा को घेरते हुए बिप्लब देब ने कहा कि बाप-बेटे चौधर और चौधरी की बात करते हैं ,लेकिन चौधरी चरण सिंह जब प्रधानमंत्री बनें तो चरण सिंह की सरकार कांग्रेस ने ही गिराई थी। बिप्लब ने कहा कि बाप बेटे अपने परिवार की सरकार चाहते हैं। हुड्डा पर निशाना जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि हुड्डा परिवारवाद की राजनीति से ग्रस्त है।



**हॉट सीट** **टोहाना**

### लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली थी हलके में बढ़त

# कांग्रेस में दावेदार की लंबी फौज, बबली की चुप्पी पर सस्पेंस, भाजपा व अन्य दलों की राह भी आसान नहीं

आकाश गर्ग ▶▶ टोहाना

लोकसभा चुनावों के बाद अब सत्ताधारी व विपक्षी पार्टियों की निगाह विधानसभा चुनाव पर बनी हुई है। प्रदेश में सबसे हॉट सीट मानी जाने वाली टोहाना विस इस बार भी चुनाव में तगड़ी जंग का मैदान बनेगी। लोकसभा चुनाव में टोहाना विधानसभा से कांग्रेस ने 48 हजार से अधिक मतों से लीड हासिल की थी, जिसके बाद यहां कांग्रेस की टिकट के लिए नेताओं में होड़ लग गई है। हालांकि लोकसभा में मिले मतों का श्रेय पूर्व पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ले रहे हैं वहीं भाजपा के राज्यसभा सांसद सुभाष बराला भी आगामी विधानसभा को देखते हुए काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। टोहाना सीट से कांग्रेस के टिकट को लेकर नेताओं में मारामारी मची दिखाई दे रही है। यहां से कांग्रेस के आधा दर्जन से अधिक नेता टिकट की कतार में है, जो काफी समय क्षेत्र में सक्रिय है। कांग्रेस पार्टी इस बार प्रदेश में पहले से अधिक मजबूत नजर आ रही हैं। कांग्रेस पार्टी चाहेगी कि यहां से मजबूत जनाधार वाले नेता को मैदान में उतारा जाए।

### कांग्रेस में ये दावेदार

टोहाना विधानसभा सीट की बात करें तो यहां से कांग्रेस पार्टी के आधा दर्जन के अधिक नेता चुनाव लड़ने को लेकर अपनी दावेदारी पेश कर रहे है। कांग्रेस के सबसे पुराने सिपाही नेता परमवीर सिंह और रणधीर सिंह टोहाना सीट से टिकट के दावेदार हैं। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी के हुड्डा गुट के नेता बलदेव सिंह दंदीवाल इस बार टोहाना के कांग्रेस के टिकट से किस्मत आजमाने की तैयारी में लगे हुए है। इसी कड़ी में हुड्डा गुट के सक्रिय कांग्रेस नेता हरपाल सिंह बुडानिया भी इस बार टोहाना से अपना टिकट पक्का मानकर विधानसभा चुनाव लड़ने के जी जान से मेहनत कर रहे है। इसके अलावा यहां से रणदीप सिंह सुरजेवाला के खास बलजिंदर सिंह ठरवी की निगाह भी टोहाना से कांग्रेस के टिकट पर है। बात करें कुमारी शैलजा के खासमखास कांग्रेस नेता जयपाल लाली की तो वो भी टिकट की मारामारी में शामिल है। इसके साथ ही रमेश सिंह डांगरा, कृष्ण नांगली भी कांग्रेस पार्टी से टिकट की कतार में है।

## मंत्री रहते पूर्व सीएम मनोहर लाल के करीबी थे बबली, लोस में दिया कांग्रेस को समर्थन



सुभाष बराला



देवेंद्र बबली



परमवीर सिंह



हरपाल सिंह



बलजिंदर ठरवी

### बड़ा सवाल : भाजपा किसे बनाएगी प्रत्याशी

किसानों के विरोध के चलते लोकसभा चुनावों को लेकर काफी मतों से हार खा चुके डॉ. अशोक तंवर के बाद अब टोहाना सीट को लेकर भाजपा में काफी असंजमस की स्थिति बनी हुई है। यहां से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके सुभाष बराला को इस बार पार्टी ने राज्यसभा सांसद की कुर्सी पर बिठा दिया है, ऐसे में अब उनका विस चुनाव लड़ना नामुमकिन हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस बार सुभाष बराला अपने पुत्र को चुनावी मैदान में उतार सकते है, जिससे यह टोहाना की सीट पर रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

### भाजपा व कांग्रेस के बीच टक्कर की संभावना

टोहाना सीट पर मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने होंगी। लोकसभा चुनाव परिणाम ने यहां से सभी को चौंका दिया था। कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी शैलजा ने यहां से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर को 48 हजार से अधिक वोटों से हराया था। सिरसा लोकसभा सीट के अंतर्गत 9 विधानसभा सीटें आती है, जिसमें से कांग्रेस को वैसे तो हर विधानसभा सीट से बढ़त मिली थी, जबकि इसी बीच टोहाना विस क्षेत्र से उन्होंने सबसे अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की हैं।

### बबली ने कांग्रेस से बढ़ाई नजदीकी

पिछले विधानसभा चुनाव में जजपा पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़कर विधानसभा में पहुंचे देवेंद्र सिंह बबली ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दिया था। लोस चुनाव में जीत हासिल करने के बाद टोहाना में धन्यवादी दौरे पर आई सांसद कुमारी शैलजा जेजेपी विधायक देवेंद्र बबली के कार्यालय में भी पहुंची थी। ऐसे में बबली की कांग्रेस से बढ़ती नजदीकियों से यह कयास लगाए जा रहे है कि पूर्व कैबिनट मंत्री देवेंद्र बबली कांग्रेस पार्टी के सिम्बल पर इस बार चुनाव लड़ सकते हैं या फिर उनके भाजपा ज्वाइन करने की खबरों पर मुहर लग सकती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के नजदीकी माने जाते है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि आखिर बबली विस चुनाव में कैसे आगे बढ़ेंगे।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल**

जिला महेन्द्रगढ़ के पुलिस लाईन नारनौल में दिनांक 04.07.2024 को सुबह 10.30 एएम पर उप- पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की देख रेख में विविध भंडार के नकारा हो चुके फुटकर सामान जैसे कूलर, पंखे, डीएफएमडी, मेज, अलमारी, रैक, बैरीगेट, रूम हीटर, प्लास्टिक/लकड़ी/स्टील कुर्सी, प्लास्टिक टंकी व अन्य लोहे आदि के सामान की नीलामी की जाएगी। उपरोक्त सामान को बोली लगाकर खरीदने के इच्छुक व्यक्ति 04 जुलाई को सुबह 10.30 एएम पर पुलिस लाईन नारनौल में पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।
पीआरडीएच-1084/11/2484/2025/27359/88/6 दि. 01.07.24

## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
**बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151**
**(www.hssc.gov.in)**

### घोषणा

**विज्ञा. सं. 05/2023 के तहत पुलिस विभाग में विभिन्न श्रेणियों के साइंटिफिक स्टाफ ग्रुप-सी फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री के पद हेतु संशोधित परिणाम की घोषणा**

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि एलपीए नं. 1037 ऑफ 2023 में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय निर्णय दिनांक 31.05.2024 के अनुसार, एसएलपी (सी) नं. 13275-13277 में आदेश दिनांक 24.06.2024 के तहत माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सही ठहराया और विज्ञा. सं. 5/2023, श्रेणी सं. 1 से 16 के तहत पुलिस विभाग में विभिन्न श्रेणियों के साइंटिफिक स्टाफ ग्रुप-सी फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री के पद हेतु पुलिस विभाग, हरियाणा के स्पष्टीकरण दिनांक 21.03.2024 के मद्देनजर, आयोग ने उपरोक्त पदों के लिए परिणाम निम्नानुसार संशोधित किया है। संशोधित परिणाम सामाजिक-आर्थिक मानदंड का कोई वेटेज दिए बिना केवल लिखित परीक्षा अंकों के आधार पर तैयार किया गया है और यह श्रेणीवार तथा अनुक्रमांकवार दर्शाया गया है और प्रत्येक श्रेणी में अन्तिम चयनित उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किए गए अंक कोष्ठक में दर्शाये गये हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ग्रुप-ग्रुप 1** | | | |
| **पद- वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक ( जीव विज्ञान ) ( श्रेणी 1 )** | | | |
| एससी | | | कट ऑफ - 69.35 |
| 5234001758 | | | |
| **पद- वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक ( एसओसी ) ( श्रेणी 2 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ - 82.65 |
| 5234001191 | 5234001392 | | |
| एससी | | | कट ऑफ -70.3 |
| 5234000793 | | | |
| बीसीए | | | कट ऑफ -76.0 |
| 5234001345 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ -70.3 |
| 5234000644 | | | |
| यूआर ईएसएम | | | कट ऑफ -58.9 |
| 5234001817 | | | |
| **पद- वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक ( सेरोलॉजी ) ( श्रेणी 5 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ -81.7 |
| 5234000174 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ - 69.35 |
| 5234000853 | | | |
| **पद- वैज्ञानिक सहायक ( सेरोलॉजी ) ( श्रेणी 6 )** | | | |
| एससी | | | कट ऑफ - 80.75 |
| 5234001730 | | | |
| बीसीबी | | | कट ऑफ - 71.25 |
| 5234001770 | | | |
| **पद- वैज्ञानिक सहायक ( एसओसी ) ( श्रेणी 7 )** | | | |
| एससी | | | कट ऑफ -70.3 |
| 5234000127 | 5234000537 | | |
| यूआर ईएसएम | | | कट ऑफ -39.9 |
| 5234001063 | 5234001314 | | |
| **पद- वैज्ञानिक सहायक ( जीव विज्ञान ) ( श्रेणी 8 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ -79.8 |
| 5234000032 | 5234001479 | 5234001929 | |
| एससी | | | कट ऑफ - 69.35 |
| 5234000139 | 5234000748 | | |
| बीसीए | | | कट ऑफ -74.1 |
| 5234001515 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ -74.1 |
| 5234000506 | | | |
| यूआर ईएसएम | | | कट ऑफ - 71.25 |
| 5234000703 | | | |
| **पद- वैज्ञानिक सहायक ( रसायन विज्ञान ) ( श्रेणी 10 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ - 78.85 |
| 5234000670 | | | |
| बीसीबी | | | कट ऑफ -68.4 |
| 5234001619 | | | |
| यूआर ईएसएम | | | कट ऑफ -53.2 |
| 5234001042 | | | |
| **ग्रुप-ग्रुप 2** | | | |
| **पद-वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक ( दस्तावेज ) ( श्रेणी 4 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ - 75.05 |
| 5231000030 | 5231000709 | | |
| एससी | | | कट ऑफ -57.0 |
| 5231000714 | | | |
| बीसीए | | | कट ऑफ -64.6 |
| 5231000141 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ -66.5 |
| 5231000692 | | | |
| यूआर ईएसएम | | | कट ऑफ -58.9 |
| 5231000461 | | | |
| **पद- वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक ( बैलिस्टिक ) ( श्रेणी 3 )** | | | |
| एससी | | | कट ऑफ - 67.45 |
| 5231000556 | 5231000661 | | |
| बीसीए | | | कट ऑफ -60.8 |
| 5231000165 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ - 61.75 |
| 5231000553 | | | |
| **पद- वैज्ञानिक सहायक ( बैलिस्टिक्स ) ( श्रेणी 9 )** | | | |
| एससी | | | कट ऑफ -66.5 |
| 5231000715 | | | |
| बीसीए | | | कट ऑफ -68.4 |
| 5231000198 | | | |
| **ग्रुप-ग्रुप 3** | | | |
| **पद- प्रयोगशाला सहायक ( जीव विज्ञान ) ( श्रेणी 14 )** | | | |
| एससी | | | कट ऑफ -72.2 |
| 5233000213 | 5233000941 | | |
| बीसीए | | | कट ऑफ -72.2 |
| 5233002304 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ -74.1 |
| 5233002321 | | | |
| **पद- प्रयोगशाला सहायक ( सेरोलॉजी ) ( श्रेणी 15 )** | | | |
| एससी | | | कट ऑफ - 78.85 |
| 5233001374 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ - 73.15 |
| 5233000369 | | | |
| **पद- प्रयोगशाला सहायक ( दस्तावेज ) ( श्रेणी 13 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ -91.2 |
| 5233000501 | | | |
| एससी | | | कट ऑफ - 80.75 |
| 5233001908 | | | |
| बीसीए | | | कट ऑफ - 73.15 |
| 5233001774 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ -83.6 |
| 5233000443 | | | |
| **पद- प्रयोगशाला सहायक ( बैलिस्टिक्स ) ( श्रेणी 12 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ - 84.55 |
| 5233001011 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ -72.2 |
| 5233000536 | | | |
| **पद- प्रयोगशाला सहायक ( रसायन विज्ञान ) ( श्रेणी 11 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ - 84.55 |
| 5233000288 | | | |
| ईडब्ल्यूएस | | | कट ऑफ -83.6 |
| 5233000786 | | | |
| **ग्रुप-ग्रुप 4** | | | |
| **पद- डार्क रूम अटेंडेंट ( श्रेणी 16 )** | | | |
| यूआर | | | कट ऑफ - 90.25 |
| 5232000361 | | | |

**टिप्पणी :-**

1. **दिनांक 14.03.2024 को घोषित परिणाम निरस्त माना जाए।**
2. परिणाम जारी न्यायालय मामलों, यदि कोई हो, के निर्णय के अधीन है।
3. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. उपरोक्त अनुसार चयनित उम्मीदवारों को उनके आवंटित विभाग के नोडल अधिकारी से इसके सम्बन्ध में जैसे ही कोई जानकारी उन्हें प्राप्त होती है, ज्वाइन करने के लिए उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है।
5. परिणाम एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध है।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/633/2025/27323/88/6 दि. 01.07.24 दिनांक : 28.06.2024

हरियाणा सरकार



“गांवों के विकास से जुड़े हर कार्य में पंचायत की अहम भूमिका होती है। सशक्त पंचायतें हमारे समृद्ध गांवों की पहचान हैं। हमारा ध्येय इनके अधिकारों में वृद्धि करके इन्हें और सक्षम बनाना है।”

– नायब सिंह

“हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने और लोगों के सपनों को पंख देने के लिए काम करती रहेगी।”

– नरेन्द्र मोदी



# शक्तियों का विकेन्द्रीकरण
# पंचायतों का सशक्तिकरण

## राज्य स्तरीय पंचायती राज एवं सरपंच सम्मेलन

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता

**श्री महिपाल ढांडा**

राज्य मंत्री, विकास एवं पंचायत (स्व.प्र.), हरियाणा

**दिनांक**
2 जुलाई, 2024

**समय**
दोपहर 1:00 बजे

**स्थान**
ऑडिटोरियम,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,
कुरुक्षेत्र



कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**प्रदेशभर के सरपंच इस सम्मेलन में सादर आमंत्रित हैं**

विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर के लिए आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के योग्य युवाओं की भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है, जिसके लिए इन राज्यों के अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र युवा व युवतियां 8 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### विदेश भेजने के नाम पर 35 लाख ठगे, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** विदेश भेजने के नाम पर ढाणी छतरियां के एक युवक से 35 लाख की ठगी होने का मामल सामने आया है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी छतरियां निवासी राजबीर सिंह ने कहा है कि वह अपने लड़के को पढ़ाई के लिए कनाडा भेजन चाहता था। इस पर उसकी मुलाकात गांव मोहम्मदपुर रोही निवासी सुशील कुमार से हुई।

### फेसबुक पर पिस्टल के साथ डाला फोटो, केस

**फतेहाबाद।** युवक को पिस्टल के साथ फेसबुक पर फोटो डालना काफी महंगा पड़ गया। इस मामले में टोहाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिय है। मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर टोहाना पुलिस की टीम एएसआई मलकीत सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान दमकौरा रोड पर गुरूद्वारे के पास मौजूद थी। इस दौरान पुलिस को सूचन मिली कि जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी उर्फ लब्बू निवासी दमकौरा रोड टोहाना ने फेसबुक पर खुद का फोटो अपलोड किय है।

### हथियार से हमला, जान से मारने का प्रयास

**यमुनानगर।** जगाधरी के मुखर्जी पार्क में दंपत्ति ने एक युवक को अपने घर ले जाकर उसे पर तेजधार हथियार से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दंपत्ति के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### झोटा चुराते हुए आरोपी सीसीटीवी में कैद

**उकलाना मंडी।** क्षेत्र के गांव मदनपुर में पंचायती झोटा चुराने का मामला सामने आया है। चोरी की पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें दिखाई दे रहा है कि एक व्यक्ति पंचायती झोटे को रस्सी से बांधकर ले जा रहा है जबकि दूसरा आगे बाइक पर चल रहा है। हालांकि बाद में ये दोनों झोटे को छोड़ कर चले गए। गांव मदनपुरा के सरपंच कुलदीप ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी है। सरपंच के अनुसार गांव में एक पंचायती झोटा है। यह गांव में जोहड़ पर बैठा था।

### ट्रक में पीछे से घुसी रोडवेज बस, यात्री घायल

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर निखरी के पास राजस्थान रोडवेज की बस आगे चल रहे कंटेनर ट्रेन में घुस गई, जिससे दंपति सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने उसके बयान पर बस चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### बच्ची की हत्या करने का आरोपी नाबालिग काबू

**गुरुग्राम।** राजेंद्रा पार्क एरिया के सेक्टर 107 की सग्नेचर सिलोरा सोसाइटी में नाबालिग द्वारा नौ साल की बच्ची की गला घोटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए बच्ची के शव पर कपड़े व कपूर डालकर आग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस के ऑलाअधिकारी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरु कर दी। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की हत्या से सम्बन्धित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया और नाबालिग आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है।

---

### भूना में दो बाइक पर सवार पांच युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

# बेटी से छेड़छाड़, फिर पिता को पीटा नाबालिग ने भाखड़ा में कूदकर दी जान

- मारपीट का वीडियो हुआ वायरल, तीन दिन बाद गोरखपुर के पास मिला मासूम का शव, कार्रवाई में जुटी पुलिस
- नाबालिग एथलेटिक्स में आगे बढ़ने के लिए प्रात: काल करती थी अभ्यास



**भूना।** मासूम बच्ची के पिता को दो बाइक पर आए युवक मारपीट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

भूना में छेड़छाड़ और पिता से हुई मारपीट से आहत होकर युवती द्वारा भाखड़ा नहर में कूदकर आत्महत्या करने के मामले में अब मारपीट की एक सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। इस फुटेज में दो बाइक पर आए पांच युवक खैरी चौक पर दिनदहाड़े युवती के पिता को बेरहमी से पिटते नजर आ रहे हैं। इस दौरान लोग तमाशबीन बने खड़े देखते रहे। इस मामले में नहर में कूदी 14 साल की मासूम बच्ची का शव रविवार देर शाम को गोरखपुर के पास पानी में झाड़ के पास अटका हुआ मिला था। सूचना मिलते ही भूना थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने मौके पर पहुंचकर बच्ची के शव को गोताखोर की मदद से पानी से बाहर निकलवाया। महिला सब इंस्पेक्टर शिक्षा देवी ने बच्ची के शव का पंचनामा करके कागजी कार्रवाई की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को बच्ची के पोस्टमार्टम की कार्रवाई चल रही है। बता दें कि बच्ची के पिता की शिकायत पर तीन दिन पहले एक युवक द्वारा उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने और चार-पांच युवकों को बुलाकर खुद की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। तीन दिन पहले पुलिस को दी शिकायत में भूना निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 28 जून की सुबह खैरी रोड पर एथलेटिक्स को लेकर अभ्यास करने गई थी। वह बेटी के पीछे-पीछे खैरी चौक पर पहुंचा तो वहां पर एक युवक उसके साथ छेड़खानी कर रहा था। जब उसने युवक को धमकाया तो उसने अपने चार-पांच साथियों को मौके पर बुला लिया था और उसकी पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान मासूम लड़की ने उपरोक्त युवकों द्वारा उसके पिता की पिटाई से शर्मसार हो गई और घर जाने की बजाय भाखड़ा नहर में कूद गई थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 28 जून को मुकदमा दर्ज किया था। परिवार के लोग पिछले तीन दिनों से अपनी बेटी की तलाश को लेकर इधर-उधर भटक रहे थे। रविवार देर शाम को बच्ची का शव भाखड़ा नहर से बरामद हो गया।

#### बच्ची के पिता पर समझौते के लिए दबाव

मासूम बच्ची का शव भाखड़ा नहर में मिलने के बाद आरोपी पक्ष के लोगों ने दबाव बनाना शुरू कर दिया है और पंचायती तौर पर मामले को रफा दफा करवाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। इस बारे भूना एसएचओ संदीप कुमार ने बताया कि रविवार देर शाम को बच्ची का शव गोरखपुर के पास भाखड़ा नहर में मिला है, जिसका सोमवार को पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

### लड़की के शव का पोस्टमार्टम हुआ विसरा जाचं के लिए हिसार भेजा गया

**भूना।** भाखड़ा नहर में रविवार की देर शाम को मिले नाबालिग लड़की के शव का पोस्टमार्टम नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में सोमवार को हुआ। पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया। जहां सोमवार की दोपहर बाद अंतिम संस्कार किया गया। जबकि पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद पुलिस ने विसरा रिपोर्ट एवं डेटम टेस्ट के लिए आरएसएफएल हिसार भेजा है। उधर चार युवकों द्वारा लात-घूंसों से पीटते हुए की सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रही है। जिसमें नाबालिग लड़की के पिता को चारों युवक लात-घूंसों पीटते हुए कीचड़ में गिरा देते है। हालांकि वायरल वीडियो में वारदात के समय कई व्यक्ति इधर-उधर आपके और खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। मगर हमलावर युवकों को रोकने-टोकने की किसी ने हिम्मत नहीं की। पुलिस ने 28 जून को मुकदमा नंबर 208 में शामिल विभिन्न आपराधिक धाराओं को नाबालिग लड़की का शव नहर में मिलने और पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शामिल कर दिया है।

#### युवकों की हो रही पहचान

28 जून की सुबह नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने व उसके पिता के साथ मारपीट करने के मामले में हमलावर युवकों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने सोमवार को नाबालिक लड़की के शव का पोस्टमार्टम करवाकर विसरा रिपोर्ट व डेटम जांच के लिए आरएसएफएल हिसार भेजा है। पुलिस ने 28 जून को मुकदमा नंबर 208 की धाराओं को सोमवार को हुई कार्रवाई में शामिल कर दिया है। **-संदीप कुमार** एसएचओ

---

## रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, दादा की मौत, पोता घायल

**सिरसा।** हिसार रोड पर सोमवार को रोडवेज बस ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल युवक पुलिस का जवान बताया जा रहा है। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जानकारी के अनुसार गांव चांडीवाल निवासी मदन लाल अपने पोते अजय पाल के साथ बाइक पर सवार होकर दवा लेने के लिए सिरसा आ रहा था। हिसार रोड पर फतेहाबाद की ओर से आ रही रोडवेज की बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर दे मारी। बताया जा रहा है कि बस मोटरसाइकिल को करीब 30 फुट तक घसीटते हुए ले गई, जिससे मदन लाल बस के नीचे आने से बुरी तरह कुचला गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में अजय पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अजयपाल हरियाणा पुलिस का जवान है और उसकी ड्यूटी फतेहाबाद जिला में है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचलान एवं रख–रखाव के ठेका | UMB-PnU-02-2024 | शिमला (प्लेटफार्म सं. –1A), सहारनपुर (प्लेटफार्म सं. 4), बठिंडा (प्लेटफार्म सं. 5/7), यमुनानगर जगाधरी (सिर्कुलाटिंग एरिया) एवं राजपुरा (प्लेटफार्म सं. 1) | 11.07.2024 को 11:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये। 1980/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप कुमार पुत्र राम चंद्र, पता: मकान सं 36/1, गांव इस्माइला–11 बिस्वा तहसील–रोहतक, जिला: रोहतक–124001 ने सीसी संख्या 5817/2019 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना: केएनके मार्ग, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अत: इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 5817/2019 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना: केएनके मार्ग, दिल्ली के उक्त संदीप कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हिमांशु सहलोथ
महानगर दण्डाधिकारी–03
नार्थ जिला, कमरा नं.213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8313/RD/2024



**THE MEHAM COOP. SUGAR MILLS LTD., MEHAM (ROHTAK)**

**TENDER NOTICE**

Original manufacturers/Distributors/Reputed & Experienced Contractors are required to submit their rates by e-tendering for following jobs/material. 1. Civil Jobs. 2. MS Pipes & Accessories. 3. Rubber Goods. 4. Nuts & Bolts. 5. Pump Spares. 6. Joint and Packing. 7. Hardware. 8. C/F Spares. 9. Boiler Casting. 10. Instrumentation Spares. 11. Repairing of Steam Valves. 12. AMC for supply of Bechem Grease & Operation of central lubrication system of mill house. 13. Insulation. 14. Cleaning, Primer, Painting & White washing of different stations. 15. Nickel Screen. 16. S.S Tubes.17. Sale of Molasses. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering portal -http://etenders.hry.nic.in as mentioned above items. Purchase of Material and Sale will be made as per govt. policy. The mill management reserves the right to accept/reject any/all tender/ tenders, item/items without assigning any reason.

Sd/- Managing Director


---

## हाथियों के हमले में घायल बीएसएफ जवान की मौत, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीएसएफ में उप निरीक्षक पद पर कार्यरत जिले के गांव जाट सायरवास निवासी राजबीर सिंह का ड्यूटी के दौरान देहांत हो गया। सोमवार को जवान को राजकीय सम्मान के साथ गांव में अंतिम संस्कार किया गया। बीएसएफ के जवानों ने उनके पार्थिव शरीर को अंतिम सलामी दी। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार उप निरीक्षक राजबीर सिंह 26 जून को भारत-बांग्लादेश सीमा पर ड्यूटी में तैनात थे, तभी जंगली हाथियों के एक झुंड ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों ने उनको बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका। प्राणों की आहुति देने वाले राजबीर सिंह को उनके पैतृक गांव जाट सायरवास में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

बीएसएफ टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। तहसीलदार श्रीनिवास ने पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजबीर सिंह बड़े भाई भी बीएसएफ में कार्यरत थे।



**रेवाड़ी।** राजबीर सिंह को अंतिम सलामी देते बीएसएफ के जवान।

## यात्रियों की टिकट चेक करते फर्जी टीटी गिरफ्तार

### जीआरपी ने शुरू की आरोपी से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे स्टेशन से महेंद्रगढ़ की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों की टिकट चेक कर रहा एक फर्जी टीटी यात्री की सूझबूझ से पकड़ा गया। उसे जीआरपी के हवाले कर दिया गया। जीआरपी ने उसे गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ शुरू कर दी। कनीना निवासी राहुल पैसेंजर ट्रेन से अपने गांव जा रहा था। नांगलमूंदी रेलवे स्टेशन के पास टीटी का आई कार्ड गले में डाले एक व्यक्ति यात्रियों की टिकट चेक कर रहा था। राहुल को उस पर संदेह हो गया। वह बिना टिकट यात्रियों से पैसे भी वसूल कर रहा था। राहुल ने उससे पूछताछ की तो पता चला कि वह फर्जी आई कार्ड डालकर टिकट चेक कर रहा है। राहुल ने डहीना रेलवे स्टेशन पर से ट्रेन से उताकर स्टेशन अधीक्षक के हवाले कर दिया। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर रेवाड़ी से पहुंची जीआरपी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी की पूछताछ के दौरान आरोपी बरेली के विशालगंज निवासी धीरज निकला।

---

## पांच वर्षीय लड़की की छत से गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

पाजू गांव में एक पांच वर्षीय लडक़ी की छत से गिरने से मौत हो गई। लडक़ी रविवार को शाम पांच बजे घर से लापता हो गई थी। पुलिस व ग्रामीण रात भर लडक़ी को तलाशते रहे। सुबह होने पर बच्ची का शव साथ लगते मकान की छत पर मिला। पुलिस ने मृतका का भिवानी नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पाजू गांव में रविवार रात को एक पांच वर्षीय लडक़ी रेनू के गायब होने से सनसनी फैल गई। परिजन ग्रामीणों के साथ लडक़ी को तलाशने में जुटे तो पुलिस भी रात भर लडक़ी की तलाश में इधर उधर भागदौड़ करती रही। परए देर रात तक लडक़ी का कोई सुराग नहीं मिला। सुबह होने पर लडक़ी का शव पास के मकान की छत पर मिला। अनुमान है कि जिस मकान की छत से लडक़ी गिरी वह एक मंजिल ऊंचा है। ऊंची मंजिल से लडक़ी पास में लगते मकान की छत पर जा गिरी और गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लडक़ी का भिवानी सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने इत्तेफाकिया मौत का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पृथम दृष्टया लडक़ी की छत से गिरने से मौत मानी जा रही है।

### गढ़ गंगा में अस्थियां विसर्जित करके घर लौट रहा था परिवार

## कैंटर से टकराने पर कार सवार तीन महिलाओं सहित 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

फर्रुखनगर में केएमपी एक्सप्रेसवे पर कैंटर व तेज रफ्तार कार की टक्कर से कार में सवार तीन महिलाओं सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो भाई घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। कार में सवार परिवार अपने परिजन की मौत के बाद गढ़गंगा में अस्थियां विसर्जित करने के बाद राजस्थान लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही डीसीपी मानेसर दीपक, एसीपी पटौदी मनोज कुमार, एसीपी हाइवे सुखबीर, फर्रुखनगर थाना प्रभारी सुरेंद्र समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई शुरु कर दी। दरअसल, राजस्थान के सीकर से एक परिवार के लोग परिवार में हुई मौत के बाद गढ़ गंगा में अस्थियां विसर्जित करने गए थे। दो कारों में सवार परिवार के लोग अस्थियां प्रवाहित करने के बाद सोमवार को वापिस आ रहे थे। इनकी एक गाड़ी पीछे रह गई थी। वहीं अर्टिगा कार फर्रुखनगर के पास पहुंची थी। एग्जिट पाइंट से गुरुग्राम की तरफ आ रही थी।



कैंटर से टकराने के बाद क्षतग्रिस्त कार।

---


**उपलब्धि** यमुनानगर को बनाया कर्मभूमि, कई क्षेत्रों में लोगों की सेवा की

## जब यमुनानगर से चुनाव जीतने के बाद भगवत दयाल शर्मा बने थे हरियाणा के पहले मुख्यमंत्री

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

पंजाब से बंटवारा होने के बाद अस्तित्व में आए हरियाणा के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा ने यमुनानगर को अपनी कर्मस्थली बनाया। उन्होंने न केवल हरियाणा में पहली बार विधानसभा सभा के चुनाव में यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता, बल्कि उन्होंने विभिन्न पदों पर रहकर क्षेत्र के लोगों की सेवा की।

राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा ने वर्ष 1967 में पहली बार प्रदेश में हुए चुनाव में यमुनानगर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ा और विजयी हुए। हालांकि पंडित भगवत दयाल शर्मा बेरी हल्के के निवासी थे।



एक नवंबर 1966 को हरियाणा के अस्तित्व में आने के बाद यमुनानगर से चुनाव लड़े

लेकिन उन्होंने यमुनानगर को अपनी कर्मभूमि बनाया। वह यमुनानगर के पेपर मिल में सर्विस करते थे। वर्ष 1963 में वह पेपर मिल श्रमिक यूनियन के प्रधान पद पर निर्वाचित हुए। यूनियन के प्रधान पद रहने के दौरान उन्होंने श्रमिकों की समस्याओं को दूर किया। इसी बीच वह संयुक्त पंजाब में कांग्रेस से असेंबली के मेंबर चुने गए। एक नवंबर 1966 को हरियाणा अस्तित्व में आया। इस दौरान संयुक्त पंजाब से बंटवारा होकर जो एसेंबली सदस्य हरियाणा विधानसभा में पहुंचे उन्होंने पंडित शर्मा को अपना नेता चुन लिया। जिसके बाद पंडित भगवत दयाल शर्मा एक नवंबर 1966 से लेकर 23 मार्च 1967 तक मात्र 143 दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। इसी वर्ष मार्च 1967 में हरियाणा में पहली बार हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पंडित भगवत दयाल शर्मा को यमुनानगर विधानसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया और उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया।

पंडित भगवत दयाल शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस ने 81 में से 48 सीटों पर जीत हासिल कर प्रचंड बहुमत हासिल किया। इस दौरान पंडित भगवत दयाल शर्मा ने यमुनानगर विधानसभा सीट से 22043 मत हासिल कर जीत दर्ज की। मगर इसके बावजूद पंडित भगवत दयाल शर्मा को दोबार मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य नहीं मिला और उनके स्थान पर दलबदल के खेल के चलते राव बिरेंद्र सिंह मुख्यमंत्री बनने में कामयाब हो गए।

मगर राव बिरेंद्र सिंह के नेतृत्व में भी सरकार ज्यादा दिन नहीं चली और मात्र 224 दिन के अंतराल के बाद दो नवंबर 1967 को गिर गई। इसके बाद प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। वर्ष 1968 में पंडित भगवत दयाल शर्मा ने चुनाव नहीं लड़ा और वह यमुनानगर में रह कर जीवनपरांत तक लोगों की सेवा करने में जुटे रहे। उनकी सेवा करने का फल उनके बेटे राजेश शर्मा को मिला और वह भी वर्ष 1982 व वर्ष 1991 में दो बार यमुनानगर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर कैबिनेट मंत्री बने।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | खेड़ी साध, वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में ठेके वाली गली में आईपीबी टाइल्स को पुनः बिछाना और ऊपर उठाना + 1 कार्य। | 28.06.2024 05.07.2024 | 33.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27344/I/88/6 दि. 01.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | एम.सी. सिरसा में नई प्राधिकृत कॉलोनी यूसी–एस–21 में विभिन्न आईपीबी गली का निर्माण + 1 कार्य। | 28.06.2024 08.07.2024 | 38.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466676699 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27352/I/88/6 दि. 01.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | 2×600 एमवीए, आरजीटीपीपी, हिसार हेतु 400 केवी स्विचयार्ड के प्रिवेंटिव/रूटीन/ब्रेकडाउन रखरखाव हेतु वार्षिक दर अनुबंध। | 20.06.2024 22.07.2024 | 81.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9315164618 xensyd.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27339/I/88/6 दि. 01.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरुग्राम | एमसीजी के तहत गांव कन्हाई में राजस्व रास्ता (खसरा नं. 95-96-98) में 80 मिमी मोटी एम-35 ग्रेड इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स के प्रावधान व फिक्सिंग हेतु आकलन + 3 कार्य। | 27.06.2024 12.07.2024 | 70.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996794063 ee5@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27348/I/88/6 दि. 01.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलायत | अनाज मण्डी विस्तार के पीछे शाखा के साथ 7AT1ULV3 सुनीता से 7A26JBC3 खाली प्लॉट तक गली का निर्माण + 16 कार्य। | 28.06.2024 04.07.2024 | 2.05 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9896264705 SECRETARYMCKALAYAT@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27343/I/88/6 दि. 01.07.24

## भारत-पाक ने किया नागरिक कैदियों व मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को नई दिल्ली और इस्लामाबाद में मौजूद अपने विभिन्न कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से जेलों में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। इसमें भारत ने पाकिस्तान को 366 नागरिक कैदियों और 86 मछुआरों की एक सूची सौंपी है। यह लोग पाकिस्तान के नागरिक हैं या इनका मानना है कि वो पाकिस्तानी हैं। जबकि पाकिस्तान ने 43 नागरिक कैदियों और 211 मछुआरों की एक सूची भारत को सौंपी है। यह वह लोग हैं जो पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीय हैं या इनका दावा है कि वो भारतीय नागरिक हैं। मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 2014 से नई दिल्ली के सतत प्रयासों की वजह से कुल करीब 2 हजार 639 भारतीय मछुआरों और 71 नागरिक कैदियों की पाकिस्तान से सुरक्षित स्वदेश वापसी हो चुकी है।

**भारत-पाकिस्तान हर साल एक जनवरी और एक जुलाई को सूची साझा करते हैं**

यहां बता दें कि वर्ष 2008 में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत भारत और पाकिस्तान हर साल एक जनवरी और एक जुलाई को उक्त श्रेणी के कैदियों की सूची को आपस में साझा करते हैं। मंत्रालय ने बताया कि भारत ने पाकिस्तान से उसके नागरिकों और मछुआरों की उनकी नौकाओं व अन्य सामान के साथ जल्द रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इसके अलावा पाकिस्तान में सजा पूरी कर चुके 185 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों को भी जल्द भारत को सौंपने को कहा गया है। इसके अलावा भारत ने अपनी जेलों में बंद 75 लोगों के राष्ट्रीयता प्रमाणन की प्रक्रिया को भी तेजी के साथ पूरा करने का अनुरोध किया है।

### योजना को लेकर रक्षा विशेषज्ञों ने दी मिली जुली प्रतिक्रिया

## अग्निपथ योजना में तत्काल किसी बदलाव की गुंजाइश नहीं, सेनाओं की आंतरिक स्टडी जारी

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना में जारी जवानों की चार साल की नई भर्ती प्रक्रिया यानी अग्निपथ योजना को लेकर संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मध्य हुई तीखी नोंकझोंक के बीच रक्षा मंत्रालय का कहना है कि तात्कालिक रूप से इस योजना में किसी बदलाव की गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। क्योंकि अभी इस संबंध में सेनाओं के तीनों अंगों की अलग-अलग व्यापक आंतरिक स्टडी जारी है। इसके पूरा होने के बाद ही केंद्र की तरफ से अग्निपथ योजना में बदलाव या सुधार को लेकर कोई निर्णय लिया जा सकता है।

### यूं लगता स्टडी में समय

सूत्रों ने कहा कि सेनाओं में किसी भी नए हथियार, उपकरण या योजना के लागू होने पर यह सामान्य नियम है कि इनके आगमन और उसके बाद प्रयोग के दौरान प्रत्येक चरण में उत्पाद व योजना का विश्लेषण किया जाता है। अंत में किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाता है। अब यही प्रक्रिया अग्निपथ और उसके जरिए सेनाओं में भर्ती होने वाले अग्निवीर जवानों को लेकर भी लागू की जा रही है। इस योजना को दो साल पहले 2022 में लागू किया गया था। सशस्त्र सेनाओं के सभी अंगों की इस पर व्यापक आंतरिक स्टडी जारी है। इसमें किसी युवा के अग्निवीर जवान के रूप में सेनाओं में भर्ती होने और उसके बाद के सभी चरणों (अग्निवीर के रूप में चुनाव होने, शुरुआती प्रशिक्षण, यूनिट में तैनाती, मिशन-अभियान में प्रदर्शन, मानसिक-शारीरिक क्षमता) के आधार पर गहनता से आकलन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में कुछ समय लग सकता है। फिलहाल योजना में तुरंत किसी बदलाव की संभावना नहीं है।

### रक्षा मंत्री को सौंपी जाएगी स्टडी

सूत्रों ने कहा कि तीनों सेनाओं के द्वारा इस आंतरिक स्टडी के पूरा होने के बाद उसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सौंपा जाएगा। इसके बाद रक्षा मंत्रालय की तरफ से इसे अंतिम मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा जा सकता है।

**शत-प्रतिशत ठीकः कुलकर्णी :** सेना के पैदल दस्ते (इंफेंट्री) के पूर्व महानिदेशक रहे सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना और संगठन के लिहाज से शत-प्रतिशत ठीक है। वर्तमान में सेनाओं को जवान के रूप में ऐसे प्रशिक्षित और तकनीकी रूप से दक्ष युवा मिलते हैं। उन्होंने दो टूक अंदाज में देश के भीतर से उठ रहे आलोचना के स्वरों को खारिज किया।

**संविदा आधारित नहीं बना सकते : राज** सेना में पूर्व उप सेनाप्रमुख रहे लेफ्टिनेंट जनरल राज कादयान (सेवानिवृत्त) ने कहा कि अग्निपथ योजना को तुरंत प्रभाव से रद कर देना चाहिए। बजट को कम करने के लिए हम हमारी सेना को नियमित से संविदा आधारित नहीं बना सकते हैं। इस योजना का सबसे बड़ा नुकसान वास्तविक युद्ध के समय पर देखने को मिलेगा।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance | **पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
**शाखा कार्यालय** : प्लॉट नं. 45-46, प्रथम तल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कॉलोनी, मुगल कैनाल के सामने, फाउंटेन चौक, करनाल 132001
**शाखा कार्यालय** : द्वितीय तल, 2/30, बुलगेनिंस टावर, आदर्श नगर, डी-पार्क, दिल्ली रोड, रोहतक-124001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असैट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं की गई और इसलिए उनको एतद द्वारा इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति/ प्रवर्तित की जाने वाली परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गए नोटिस की तिथि/ नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरिंदर कुमार (कर्जदार), गीता रानी (सह-कर्जदार), मकान नंबर 198 वार्ड नंबर 11, नई डबवाली 277 मंडी डबवाली, सिरसा सिरसा हरियाणा 125104. NHDBW00001265792 | बियरिंग टैक्स आईडी नंबर डब्ल्यूडी 11/510 हाउस टैक्स यूनिट नंबर 320 पेज नंबर 34 वार्ड नंबर 9 क्र.सं. 320 पुराना क्र.सं. 759 नया क्र.सं. 320 49 फीट × 71 फीट केए 1/2 भाग डबवाली सिरसा हरियाणा-125055 बियरिंग सेल डीड नं. 579 दिनांक 09-05-2014, गीता रानी पत्नी श्री सुरिंदर कुमार के पक्ष में। सीमाएं - उत्तरः अलका की संपत्ति, दक्षिणः जय भारत की संपत्ति, पूर्व : कामरा की संपत्ति, पश्चिमः गली। | 18-06-2024 रु. 9,23,991/- | 03/06/ 2024 |
| 2. | चमेल सिंह (कर्जदार), बीरमति बी (सह-कर्जदार), एस ओ फूला राम सिस्मोर रोड दासू, जल आपूर्ति, कैथल हरियाणा 136043। LHKNL00001289022 | एक संपत्ति जिसका माप 10 मरला 2 सरसई है जिसका 41/488 हिस्सा है, 6के-2एम मापी गई भूमि में से हिस्सा खेवत नंबर 1888/1751, खतौनी नंबर 2330, खसरा नंबर 1432/21/2(6-2), किता 1 के रूप में शामिल है। वर्ष 2013-2014 के लिए जमाबंदी के अनुसार, ग्राम पाई, तहसील पुंडरी, जिला कैथल में स्थित, बिक्री विलेख संख्या 461, दिनांक 07-05-2010 के तहत खरीदी गई, के साथ पठित मुटेशन नं. 11375 और 13466. बीरमति पत्नी चमेल सिंह पुत्र फोल्ला राम के पक्ष में। सीमाएं - उत्तरः श्री सतपाल की प्रोप, दक्षिणः गली, पूर्व : श्री जगदीश की प्रोप, पश्चिम : श्री पप्पू का प्लॉट। | 18-06-2024 रु. 16,07,484.38/- | 08/06/ 2024 |
| 3. | नरेंद्र सिंह (कर्जदार), गीता (सह-कर्जदार), एस ओ जयसिंह मकान नंबर 2434, वार्ड नंबर 1 निकट आरती कन्या स्कूल इंदिरा कॉलोनी वार्ड नंबर 1 निकट आरती कन्या स्कूल इंदिरा कॉलोनी रोहतक हरियाणा 124001. LHROH00001396746 | खसरा संख्या-826/827/852/854 मौजा संजय कॉलोनी रोहतक-124001 में मकान। स्थानांतरण विलेख संख्या 15188 के अनुसार। नरेंद्र सिंह पुत्र जय सिंह के पक्ष में। सीमाएं - उत्तरः सुरेंद्र की संपत्ति, दक्षिणः अन्य की प्रोप, पूर्व : रास्ता, पश्चिमः सुरेंद्र की संपत्ति। | 18-06-2024 रु. 11,01,679.84/- | 08/06/ 2024 |
| 4. | नरेंद्र सिंह (कर्जदार), गीता (सह-कर्जदार), एस ओ जयसिंह मकान नंबर 2434, वार्ड नंबर 1 निकट आरती कन्या स्कूल इंदिरा कॉलोनी वार्ड नंबर 1 निकट आरती कन्या स्कूल, रोहतक, रोहतक रोहतक हरियाणा-124001. LHROH00001396867 | खसरा नंबर-826/827/852/854 मौजा संजय कॉलोनी रोहतक-124001 में मकान ट्रांसफर डीड नंबर 15188 के अनुसार। नरेंद्र सिंह पुत्र जय सिंह के पक्ष में। सीमाएं- उत्तरः सुरेंद्र की संपत्ति, दक्षिणः अन्य की प्रोप, पूर्व : रास्ता, पश्चिमः सुरेंद्र की संपत्ति। | 18-06-2024 रु. 40,483/- | 08/06/ 2024 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को परामर्श दिया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि का भुगतान करें अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 02 जुलाई 2024
स्थान : सिरसा, कैथल, रोहतक

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 162 दिनांक 24.06.2024 धारा 346 IPC थाना सिविल लाईन जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** आराधना
**पिता/पति का नाम** - पत्नी रिंकू
**पता-** निवासी प्रेम नगर जिला रोहतक
**उम्र-** 32 वर्ष
**कद-** लगभग 5 फुट 4 इंच
**हुलिया-** रंग गोरा, गोल चेहरा, काली आँखें, काले बाल
**पहनावा** - पता नहीं।

दिनांक 24.06.24 को आराधना पत्नी रिंकू निवासी प्रेम नगर जिला रोहतक थाना सिविल लाईन रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 9138701148

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 215 दिनांक 24.06.2024 धारा 365 IPC थाना सांपला जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** संध्या रानी
**पिता/पति का नाम** - पुत्री रंजन देवनाथ
**पता-** निवासी गांव नया बांस जिला रोहतक
**उम्र** -13 वर्ष
**कद-** 4 फुट 6 इंच
**हुलिया-** रंग काला, लंबूतरा चेहरा, पतला शरीर, ऊपरी होंठ पर निशान तिल।
**पहनावा-** भूरे रंग की टी शर्ट, हरे रंग की पजामी, नंगे पैर।

दिनांक 24.06.24 को संध्या रानी पुत्री रंजन देवनाथ निवासी गांव नया बांस जिला रोहतक थाना सांपला अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466232567

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 370 दिनांक 24.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सुषमा
**पिता/पति का नाम** - पत्नी गौरव
**पता** - निवासी शीतल नगर रोहतक
**उम्र-** 30 वर्ष
**कद-** 5 फुट
**हुलिया-** रंग सांवला, गोल चेहरा ।
**पहनावा** - पीले रंग का टोप, सफेद रंग की जींस, सफेद रंग की चुन्नी, पैरों में सैंडिल पहने हुए।

दिनांक 24.06.24 को सुषमा पत्नी गौरव निवासी शीतल नगर रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9306160156

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 372 दिनांक 24.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सिजू
**पिता/पति का नाम** - पुत्री मनोज कुमार
**पता-** निवासी एकता कालोनी, रोहतक
**उम्र-** 18.5 वर्ष
**कद-** 5 फुट
**हुलिया-** रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, दाएं हाथ की कोहनी जली हुई।
**पहनावा** - पता नहीं।

दिनांक 24.06.24 को सिजू पुत्री मनोज कुमार निवासी एकता कालोनी रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9466588498

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 200 दिनांक 25.06.2024 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी रोहतक जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** रचना
**पिता/पति का नाम** - पुत्री शमशेर
**पता** - निवासी गांव रुडकी, जिला रोहतक
**उम्र-** 20 वर्ष
**कद-** 4 फुट 10 इंच
**हुलिया-** रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, शिक्षा 10 वीं फेल, पैर पर काला धागा बांधे हुए।
**पहनावा** - संतरी कमीज, काली पजामी, भूरे रंग की सैंडिल, व गुलाबी रंग का बैग साथ लिए हुए।

दिनांक 25.06.24 को रचना पुत्री शमशेर निवासी गांव रुडकी, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना आई. एम.टी रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई. एम.टी रोहतक- 9468079674

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 236 दिनांक 25.06.2024 धारा 346 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक ।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सोनम
**पिता/पति का नाम** - पुत्री प्रेमपाल
**पता** - निवासी कलानौर, जिला रोहतक
**उम्र-** 21 वर्ष
**कद-** 4 फुट
**हुलिया-** रंग गेंहुआ, गोल चेहरा।
**पहनावा** - सूट सलवार पहने हुए।

दिनांक 25.06.24 को सोनम पुत्री प्रेमपाल निवासी कलानौर, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9728589202

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 275 दिनांक 26.06.2024 धारा 365 IPC थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** जतिन कुमार
**पिता/पति का नाम-** पुत्र जोगेन्द्र
**पता** - निवासी खोखराकोट कच्चा चमारिया रोड, जिला रोहतक
**उम्र-** 13 वर्ष 10 महीने
**कद-** 4 फुट 4 इंच
**हुलिया-** रंग सांवला, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, माथे पर चोट का निशान, शिक्षा 6th ।
पहनावा - काले रंग की शर्ट, नीली जींस, व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 26.06.24 को जतिन कुमार पुत्र जोगेन्द्र निवासी खोखराकोट कच्चा चमारिया रोड, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 8168603561

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 194 दिनांक 26.06.2024 धारा 365 IPC थाना सदर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** अनिता उर्फ तन्नू
**पिता/पति का नाम** - पुत्री रमेश
**पता** - निवासी लाढौत, रोहतक
**उम्र-** 17 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया-** रंग गोरा, मजबूत जिस्म ।
**पहनावा** - नीली जींस, जामुनी टी-शर्ट, व पैरों में स्पोर्टस शूज पहने हुए ।

दिनांक 26.06.24 को अनिता उर्फ तन्नू पुत्री रमेश निवासी लाढौत, रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 7082400315

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 383 दिनांक 26.06.2024 धारा 365 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सोनम
**पिता/पति का नाम** - पुत्री देवेन्द्र
**पता** - निवासी अमृत कालोनी, रोहतक
**उम्र-** 17 वर्ष
**कद-** 5 फुट
**हुलिया-** रंग साफ, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर।
**पहनावा** - काले रंग का प्रिंटदार सूट पहने हुए।

दिनांक 26.06.24 को सोनम पुत्री देवेन्द्र निवासी अमृत कालोनी रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9466588498

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 384 दिनांक 26.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** पूजा
**पिता/पति का नाम-** पुत्री हवासिंह
**पता** - निवासी श्रीराम नगर कालोनी, रोहतक
**उम्र-** 24 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया-** रंग साफ, हृष्ट-पुष्ट शरीर ।
**पहनावा** - लाल टी शर्ट, काला पजामा, और पैरों में जूती पहने हुए।

दिनांक 26.06.24 को पूजा पुत्री हवासिंह निवासी श्रीराम नगर कालोनी रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 94162241105

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 268 दिनांक 27.06.2024 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक ।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सोनिया उर्फ तन्नू
**पिता/पति का नाम-** पुत्री बिजेन्द्र
**पता** - निवासी बहलम्बा, रोहतक
**उम्र-** 19 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया** - रंग गेंहुआ।
**पहनावा** - सफेद व नीली धारी का प्लाजो व पैरों में चप्पल पहने हुए।

दिनांक 27.06.24 को सोनिया उर्फ तन्नू पुत्री बिजेन्द्र निवासी बहलम्बा, रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9991020955

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 112 दिनांक 28.06.2024 धारा 346 IPC थाना बहुअकबरपुर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** धारा सिंह
**पिता/पति का नाम-**
**पता** - निवासी गांव मौखरा रोहतक
**उम्र-** 72 वर्ष
**कद-** 5 फुट 6 इंच
**हुलिया-** रंग गेंहुआ, लम्बा चेहरा, ।
**पहनावा** - पैंट शर्ट टाईप कुर्ता पजामा व पैरों में चमडे की जूती पहने हुए है।

दिनांक 28.06.24 को धारा सिंह निवासी गांव मौखरा जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 9466628481

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 241 दिनांक 28.06.2024 धारा 365 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** क्रांति
**पिता/पति का नाम** - पुत्री कारु मांझी
**पता** - निवासी गांव निगांना ईंट भट्टा रोहतक
**उम्र-** 13 वर्ष
**कद-** 5 फुट
**हुलिया-** रंग सांवला, लम्बा चेहरा, मजबूत शरीर, काली आँखें, काले बाल ।
**पहनावा** - सूट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 28.06.24 को क्रांति पुत्री कारु निवासी ईट भट्टा गांव निंगाना थाना कलानौर रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9068640265

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 242 दिनांक 28.06.2024 धारा 346 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सुषमा
**पिता/पति का नाम-**
**पता-** निवासी गांव लाहली रोहतक
**उम्र-** 23 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 इंच
**हुलिया-** रंग गोरा, लम्बा चेहरा, मजबूत शरीर, काली आँखें, काले बाल।
**पहनावा** - पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में नीले रंग की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 28.06.24 को सुषमा निवासी लाहली थाना कलानौर रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9068640265

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 279 दिनांक 28.06.2024 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सिमरन
**पिता/पति का नाम-** पुत्री रामभज
**पता** - 310/9 नजदीक सैनी चौपाल सुखपुरा चौक लाढोत रोड रोहतक
**उम्र-** 19 वर्ष
**कद-** 5 फुट 3 ईंच
**हुलिया-** रंग गेहुंआ, लम्बा चेहरा, मजबूत शरीर, काली आँखें, काले बाल, 12वी पास ।
**पहनावा** - सफेद रंग का फ्रोक व पजामी व पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 28.06.24 को सिमरन पुत्री रामभज निवासी 310/9 नजदीक सैनी चौपाल सुखपुरा चौक लाढोत रोड रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9416084359

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 205 दिनांक 29.06.2024 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** जगमेन्द्र
**पिता/पति का नाम-** पुत्र स्वरुप सिंह
**पता-** गांव- बलियाणा जिला रोहतक
**उम्र-** 39 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 इंच
**हुलिया-** रंग सांवला, लम्बा चेहरा, मजबूत पतला शरीर, काली आँखें, काले बाल, 5वी पास ।
**पहनावा-** काले रंग की आधी बाजू कमीज व खाखी पैन्ट च पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 29.06.24 को जगमेन्द्र पुत्र स्वरुप सिंह गांव- बलियाणा जिला रोहतक थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गगुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना नाप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक- 9817205683

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अदम शिनाख्त नाश की पहचान-**



**नाम-** नहीं पता
**पिता/पति का नाम-** नहीं पता
**पता-** नहीं पता
**उम्र-** करीब 30/35 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 इंच
**हुलिया-** गली सड़ी अवस्था में चमड़ी उतरी हुई हाथ पैरों की। दाहिनी हाथ की बाजू पर एक काले रंग का व हरे, लाल रंग का डोरा बंधा हुआ, चेहरे पर मुर्दानी छाई हुई है।
**पहनावा-** कमर में हरे रंग का लोवर जिस पर MAX- DRI सफेद रंग से लिखा हुआ है, बादामी रंग का अंडरवियर, काले रंग की लाल पट्टीदार सैन्डो बनियान पहने हुए है।

दिनांक 29.06.24 को JLN नहर बालन्द हैड जिला रोहतक में एक नामपता नामालूम नाश पुरुष उम्र करीब 30/35 साल जो पानी में डूबने के कारण गली सडी अवस्था में मिली है। जिसके वारसान बारे अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9817205683

पीआरडीएच-1084/11/2483/2025/27325/88/6 दि. 01.07.24

## 2403 शेयरों में तेजी, 1112 शेयरों में आई गिरावट

# माह के पहले दिन सेंसेक्स में 443 अंकों की बढ़त, निफ्टी भी चढ़ा

### सुबह के सत्र में सपाट कारोबार

*बता दें कि, सुबह बाजार सपाट स्तर पर खुला था। इस दौरान सेंसेक्स 2.93 अंक यानि कि 0.00 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,029.80 के स्तर पर खुला था। वहीं निफ्टी 18.70 अंक यानि कि 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,029.30 के स्तर पर खुला था।*

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार जुलाई माह का पहला दिन दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही लाल निशान पर रहे। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सेंसेक्स 131.40 अंक यानि कि 0.55 प्रतिशत बढ़कर 24,142 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 18.70 अंक यानि कि 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,029.30 के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के अंत में करीब 2403 शेयरों में तेजी देखने को मिली, वहीं 1112 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 115 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस दौरान निफ्टी की कंपनियों में सबसे अधिक लाभ कमाने वालों में टेक महिंद्रा, विप्रो, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के शेयर शामिल हैं, जबकि एनटीपीसी, आयशर मोटर्स, डॉ रेड्डीज लैब्स, एसबीआई और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयर लाल निशान पर बंद हुए।

### सेंसेक्स में टॉप गेनर और टॉप लूजर शेयर


वहीं बात करें सेंसेक्स की तो, टेक महिन्द्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिन्दुस्तान यूनिलिवर और टीसीएस के शेयर टॉप गेनर रहे। वहीं एनटीपीसी, एसबीआई, सनफार्मा, एल एंड टी और इंडसइंड बैंक के शेयर टॉप लूजर रहे।



### बेंचमार्क सूचकांक में मामूली गिरावट

जबकि, बात करें प्री-ओपनिंग सत्र की तो, बेंचमार्क सूचकांक मामूली गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए। इस दौरान सेंसेक्स 91.52 अंक यानि कि 0.12 प्रतिशत गिरकर 78,941.21 पर और निफ्टी 62.60 अंक यानि कि 0.26 प्रतिशत गिरकर 23,948 पर कारोबार करते देखा गया था।

### रुपया 11 पैसे टूटकर 83.45 प्रति डॉलर पर



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 11 पैसे कमजोर होकर 83.45 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने से रुपये में यह गिरावट आई। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत रुख, सकारात्मक विनिर्माण पीएमआई आंकड़े तथा प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर ने तीव्र गिरावट को रोक दिया।

### सोना स्थिर, चांदी में 200 रुपए की तेजी



राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 72,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा जबकि चांदी की कीमत में 200 रुपए की तेजी आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। चांदी की कीमत 200 रुपए की तेजी के साथ 90,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई जो पहले 90,100 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रही। यह पिछले बंद भाव के बराबर है।'

### कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 443 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। रिकॉर्डतोड़ तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये (5.31 लाख करोड़ डॉलर) के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 1,822.83 अंक यानी 2.36 प्रतिशत की बड़ी उछाल दर्ज की गई थी। वहीं जून के पूरे महीने में सेंसेक्स ने 7.14 प्रतिशत की जबर्दस्त बढ़त हासिल कर निवेशकों की संपत्ति बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

## एनएसएस, के आर मंगलम विश्व विद्यालय द्वारा वृक्षारोपण अभियान

**नई दिल्ली।** एनएसएस के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने केआरएमयू-केईआईसी एसटीआई हब, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार और स्माइलिंग ट्री फाउंडेशन के सहयोग से गढ़ी वाजिदपुर और केआरएमयू परिसर में एक सफल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना था। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न देशी प्रजातियों जैसे जेट्रोफा, ब्लैक फाइकस, अमरूद, जामुन आदि के 100 से अधिक पौधे लगाए गए। इस पहल से स्थानीय जैव विविधता में उल्लेखनीय सुधा'र हुआ, पर्यावरण जागरूकता बढ़ी और समुदाय के भीतर हरित प्रथाओं को बढ़ावा मिला। केआरएमयू परिसर में, माननीय कुलपति, प्रो. रघुवीर सिंह, रजिस्ट्रार, डॉ. राहुल शर्मा और विभिन्न अन्य अकादमिक परिषद सदस्यों और संकाय सदस्यों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **कृष्ण दत्त, पुत्रः जगदीश चंदर, पताः आरजेड–20, रघुबीर ब्लॉक, प्रेम नगर, नजफगढ़, नई दिल्ली और वीपीओ सालावास झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No. 67/2020, U/s 7/3(2)(C) Essential Commodities Act 1995, पुलिस थाना जफ्फरपुर कलां, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कृष्ण दत्त** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कृष्ण दत्त** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 67/2020, U/s 7/3(2)(C) Essential Commodities Act 1995, पुलिस थाना जफ्फरपुर कलां, नई दिल्ली** के अभियुक्त **कृष्ण दत्त** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अभिनव अहलावत
महानगर दण्डाधिकारी–09
कमरा नं. 314, तीसरी मंजिल
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/8347/DW/2024



### सन्त कबीर महासभा जीन्द पदाधिकारियों के त्रिवार्षिक चुनाव सम्बन्धी

**चुनाव–कार्यक्रम**

पत्र संख्या SKMJ-25/2024 दिनांक 01-07-2024

सन्त कबीर महासभा जीन्द की संस्था का चुनाव दिनांक 21-07-2024 को होना निश्चित हुआ है। इसके लिए चुनाव लड़ने वाले इच्छुक उम्मीदवारों हेतु प्रधान के लिए नामांकन फीस रु. 21000/- व उप प्रधान, महासचिव व खजान्ची के लिए रु 11000/- रखी गई है। जो उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने के बाद वापिस नहीं होगी। इसके इलावा 17 कार्यकारिणी सदस्य चुने जाएंगे उनकी प्रत्येक की फीस रु 5100/- होगी।

1. दिनांक 05-07-2024 से 07-07-2024 तक सुबह के 9 बजे से शाम के 4 बजे तक नामांकन दाखिल करना, 2. दिनांक 08-07-2024 से 09-07-2024 तक 9 बजे से शाम के 4 बजे तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे, 3. दिनांक 10-07-2024 को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 4. दिनांक 11.07.2024 को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी, 5. दिनांक 12-07-2024 को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे, 6. दिनांक 21-07-2024 को सुबह 9 बजे से शाम के 4 बजे तक चुनाव कराए जाएंगे। वोटिंग के तुरन्त बाद वोटों की गिनती की जाएगी और फिर विजयी उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

**चुनाव अधिकारी, रामधारी नागर, सन्त कबीर महासभा जींद**


## जीवन का उद्देश्य धन नहीं कर्म अर्जित करना हैः डा. भारत



**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के विश्वविद्यालय विधि शिक्षण संस्थान में कानून के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. भारत ने कनोडिया स्कूल ऑफ लॉ फॉर वुमेन, जयपुर में कानून के छात्रों को शिक्षा में नैतिकता और नैतिकता में शिक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. भारत ने शिक्षा के विभिन्न आयामों और नियमित जीवन में इसके नैतिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचीन ग्रंथों के आदर्श सिद्धांतों, वेदों में सम्मिलित विभिन्न श्लोकों, व्यवहारिक उदाहरणों, संवैधानिक और वैधानिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए डॉ. भारत ने नैतिक मूल्यों का मनुष्य के सफल एवं संतुलित जीवन में योगदान को रेखांकित किया।डॉ. भारत ने स्वामी विवेकानन्द, सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर, सुषमा स्वराज जैसे महान भारतीय व्यक्तित्वों और उनके जीवन की प्रेरणादायक घटनाओं के उत्कृष्ट उदाहरणों के माध्यम से उपस्थित समूह को नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने के लिए प्रोत्साहित किया।सत्र के समापन में डॉ. भारत ने आवाह्न किया कि मानव जीवन का उद्देश्य धन अर्जित करना नहीं हैं अपितु जीवन में कर्म अर्जित करना है तथा जीवन में सेवा, समर्पण, सद्भाव और सहयोग के साथ चलना है क्योंकि इससे जीवन में संतुष्टि मिलेगी जबकि पैसा केवल भौतिक-सफलता की ओर ले जाएगा। अंत में छात्रों ने प्रश्न-उत्तर सत्र के माध्यम से विभिन्न जिज्ञासाओं का संतुष्टिदायक समाधान प्राप्त किया। सत्र की अध्यक्षता शिक्षाविद डा. वर्तिका अरोड़ा ने की तथा उन्होंनें अपने वक्तव्य में छात्रों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## पतंजलि फूड्स लिमिटेड द्वारा होम एंड पर्सनल केयर व्यवसाय का अधिग्रहण

**हरिद्वार।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड (जिसे आगे "पीएफएल" या "कंपनी" कहा जाएगा) के बोर्ड ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के होम एंड पर्सनल केयर ("एचपीसी") बिजनेस के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिससे कंपनी के एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी के रूप में परिवर्तन की गति तेज होगी। पीएएल एचपीसी व्यवसाय में वर्तमान में भारत के एफएमसीजी स्पेस में एक मजबूत ब्रांड इक्विटी और देश भर में एक वफादार उपभोक्ता आधार रखती है। इस एचपीसी व्यवसाय में वर्तमान में चार प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं (अ) डेंटल केयर (ब) स्किन केयर (स) होम केयर (द) हेयर केयर। एचपीसी व्यवसाय के अधिग्रहण की यह रणनीतिक पहल कंपनी के मौजूदा एफएमसीजी उत्पाद के पोर्टफोलियो को प्रतिष्ठित ब्रांडों की एक श्रृंखला के साथ मजबूत करेगी और राजस्व एवं एबिटा (एबिटा) की वृद्धि में भी योगदान देगी। पीएफएल, पीएएल के संपूर्ण एचपीसी व्यवसाय को एक चालू व्यवसाय के आधार पर अधिग्रहित करने के लिए तैयार है, और इसमें व्यवसाय, संबंधित कर्मचारियों, वितरण नेटवर्क, अनुबंधों, लाइसेंसों, परमिटों, सहमतियों और इस ऑपरेशन के लिए आवश्यक अनुमोदनों से संबंधित सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां शामिल हैं। जिसे आगे ''व्यवसायिक उपक्रम'' के रूप में संदर्भित किया जाएगा)। अधिग्रहण का समापन विभिन्न पूर्ववर्ती शर्तों की पूर्ति के अधीन है जो कि मुख्य रूप से व्यवसायिक उपक्रम के हस्तांतरण के लिए आवश्यक नियामक अनुमोदन हैं। इसके अलावा, कंपनी एचपीसी व्यवसाय के उत्पाद पोर्टफोलियो के बौद्धिक संपदा के मूल्य और इसके बाजार महत्व को भी स्वीकार करती है।

## यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी ने डोज़ी के साथ मिलकर पेश किया 'स्मार्टकेयर मॉनीटरिंग' प्रोग्राम

**नई दिल्ली।** डोज़ी 'भारत में निर्मित' एक टेक्नोलॉजी है, जो नॉन-आईसीयू वाड्र्स में मरीज के महत्वपूर्ण वाइटल्स की लगातार निगरानी देती है, ताकि स्थिति में गड़बड़ी का जल्दी पता लग सके और मरीज की सुरक्षा बढ़ेदिल्ली, 1 जुलाई, 2024ः डॉक्टर्स डे के मौके पर, कौशांबी के यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने 'स्मार्टकेयर मॉनिटरिंग प्रोग्राम' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक जाना-माना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, जो अपने अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के लिये मशहूर है। यह पहल मरीजों को बेहतर देखभाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके लिए डोज़ी के एआई-बेस्ड कॉन्टैक्टलेस रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग (आरपीएम) और अर्ली वार्निंग सिस्टम (ईडब्ल्यूएस) को वार्ड के सभी बेड्स के साथ जोड़ा गया है। यह अस्पताल प्रतिक्रियात्मक उपायों से आगे बढ़कर लगातार निगरानी पर ध्यान दे रहा है, ताकि मरीज की स्थिति में गड़बड़ी का जल्दी पता लगाकर उसे दूर किया जा सके। यह रणनीतिक कदम मरीज की सुरक्षा और नतीजों को बेहतर बनाने के लिये डाटा पर आधारित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने में अस्पताल की प्रतिबद्धता दिखाता है। इससे हेल्थकेयर का एक ऐसा पारितंत्र में बनाया जाएगा, जो केवल प्रतिक्रियात्मक उपायों के बजाए रोकथाम करने योग्य एवं पूर्वसक्रिय देखभाल को महत्व दे।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



### रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**विशेष रेलगाड़ी की सेवा अवधि का विस्तार**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित रेलगाड़ी की समय–सारणी में संशोधन किया गया है, साथ ही इसके संचालन अवधि में बढ़ोतरी की जा रही है एवं डिब्बों के संयोजन में परिवर्तन किया गया है, विवरण निम्नानुसार है :–

**04075/04076 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं. 04075 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04075 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04076 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04076 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | – |
| 00:26 | 00:28 | सोनीपत | 07:50 | 07:52 |
| 00:58 | 01:00 | पानीपत | 07:10 | 07:12 |
| 01:25 | 01:27 | करनाल | 06:37 | 06:39 |
| 01:50 | 01:52 | कुरूक्षेत्र जं. | 06:10 | 06:12 |
| 02:30 | 02:40 | अम्बाला कैंट | 05:25 | 05:35 |
| 04:06 | 04:16 | ढंडारी कलां | 04:05 | 04:10 |
| 05:26 | 05:28 | जलंधर कैंट | 02:38 | 0243 |
| 07:15 | 07:20 | पठानकोट कैंट | 00:40 | 00:45 |
| 09:15 | 09:25 | जम्मू तवी | 21:45 | 21:55 |
| 11:08 | 11:10 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 20:48 | 20:50 |
| 11:40 | – | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 20:20 |

चलने की तिथिः **04075 नई दिल्ली** से दिनांक 03.07.2024 से 31.07.2024 तक **और 04076 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा** से दिनांक 04.07.2024 से 01.08.2024 तक।
**संशोधित स्थान** : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. , शयनयान एवं सामान्य।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
1991/24
पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 14-अम्बाला/2024-25 दिनांक 01.07.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता– समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नामः** (01) सीनियर एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी के सेक्शन में जंग लगी पाइप लाइन को बदलकर रेल विहार कॉलोनी में जलापूर्ति की मरम्मत (02) एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/वर्क्स–एम/यूएमबी सेक्शन में अंबाला कैंट स्टेशन पर आउट पिट पर आरएसओ कार्यालय का विस्तार।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 32,06,744 | 64,100 | 04 महीने | 25.07.2024 |

2 **कार्य का नामः** (01) रेलवे स्टेडियम, रेल विहार, अंबाला कैंट में सिंथेटिक बास्केट बॉल कोर्ट का प्रावधान (02) सीनियर एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी खंड में रेलवे स्टेडियम में जल निकासी प्रणाली और टेनिस कोर्ट का पुनर्निर्माण का प्रावधान।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 46,97,050 | 94,000 | 04 महीने | 25.07.2024 |

3 **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता/अंबाला के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों की विशेष मरम्मत।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 69,16,320 | 1,38,300 | 06 महीने | 25.07.2024 |

4 **कार्य का नामः** सीनियर मंडल अभियंता-I/अंबाला अनुभाग में आरयूबी/एलएचएस/पुलों के सम्प वेल से जल निकासी और गाद निकालना।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 54,45,544 | 1,08,900 | 08 महीने | 25.07.2024 |

5 **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता/एसआईआर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/आरपीएआर खंड में एमएनपीआर–आरपीएआर में किमी 47/1-2 पर 2x2.5 मीटर स्पान के अतिरिक्त जलमार्ग का प्रावधान।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 2,02,75,528 | 2,51,400 | 09 महीने | 25.07.2024 |

6 **कार्य का नामः** सीनियर सहायक मंडल अभियंता/चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और अधिकारी विश्राम गृह चंडीगढ़ की विशेष मरम्मत।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 49,50,484 | 99,000 | 06 महीने | 25.07.2024 |

7 **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता/शिमला के सेक्शन में ट्रेनों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल (मानसून मौसम गश्त) के अनुसार या इंजीनियरिंग प्रभारी या उनके प्रतिनिधि के निर्देशानुसार निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक का दैनिक निरीक्षण।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 19,87,675 | 39,800 | 03 महीने | 25.07.2024 |

नोटः- **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1988/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार–चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार–चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग–दौड़ भी अधिक रहेगी।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा


**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लखविन्दर सिंह, पुत्रः** चरन सिंह, **पताः** मकान नं. 3809/129, वार्ड 7 गाँधी नगर, कुरूक्षेत्र हरियाणा–136118 ने **CT. Case No. 5820/2019 U/s 138 NI Act** थानाः केएनके मार्ग के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लखविन्दर सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लखविन्दर सिंह** फरार, हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT. Case No. 5820/2019 U/s 138 NI Act** थानाः केएनके मार्ग के उक्त अभियुक्त **लखविन्दर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
महानगर, दंडाधिकारी–03
जिला उत्तर कमरा नं. 213,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8312/RD/2024
(Court Matter)



## शब्द पहेली - 5559




**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5558 का हल**








# भारत का '10 का दम', महिला टीम ने टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ चेन्नई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिए 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाए 9.2 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था।

### वोल्वार्ट तीनों प्रारूप में शतक जड़ने वाली पहली महिला

*पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा। वोल्वार्ट ने अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है।*

## खबर संक्षेप

### वर्तमान में रहें और खुले दिमाग से खेलें


**चंडीगढ़।** भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को बखूबी



पता है कि शीर्ष स्तर पर दबाव का सामना कैसे करना है और उन्होंने पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को वर्तमान में रहने और खुले दिमाग से खेलने की सलाह दी। बीजिंग ओलंपिक 2008 में पुरुषों की 10 मीटर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक में बिताए समय का पूरा लुत्फ उठाना चाहिए।

### आडवाणी की नजरें खिताबी हैट्रिक पर

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी मंगलवार से यहां शुरू होने वाली एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक



पूरा करने के लक्ष्य के साथ भाग लेंगे। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट में एशिया से शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें आडवाणी के अलावा सौरव कोठारी और ध्रुव सितवाला भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। आडवाणी ने 2005 के बाद से नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब जीते हैं। वह इसके पिछले दो आयोजनों के चैंपियन है।

### लक्ष्य को लय हासिल करने का भरोसा

**कैलगरी।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कनाडा ओपन में अपने अभियान को शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश लय में



वापसी के साथ पिछले एक साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की होगी। सेन विश्व रैंकिंग में 14 स्थान पर फिसल गये हैं और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 स्तर की इस प्रतियोगिता में उन्हें चौथी वरीयता मिली है। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में वह यहां चुनौती पेश करने वाले इकलौते भारतीय है।

### बधिर क्रिकेट टीम ने जीती टी20 श्रृंखला

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत



ने पहले गेंदबाजी करते हए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

## यूरो 2024 : क्वार्टर फाइनल में स्पेन का जर्मनी से होगा सामना

# स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से रौंदा, पुर्तगाल को हराने वाली टीम का अभियान खत्म

एजेंसी ⏭ कोलोन

शुरुआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

### बेलिंगम के गोल से जीता इंग्लैंड

गेलसेनकिरचेन। जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।



### क्वार्टर फाइनल में पहुंचा इक्वाडोर

*ग्लेनडेल। इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। दो साल पहले कतर में विश्व कप से टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई थी।*

### वेनेजुएला ने जमैका को हराया

*आस्टिन। एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने कोपा अमेरिका फुटबॉल के ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। टीम कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैक्सिको के खिलाफ मैच में टीम के मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। ग्रुप में शीर्ष पर रहने के कारण अब वेनेजुएला को क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना से नहीं खेलना होगा। अब उसका सामना ग्रुप ए की दूसरे नंबर की टीम कनाडा से होगा। वेनेजुएला के लिए बेलो ने पहला, सालोमन रोंडन ने दूसरा और एरिक रामिरेज ने तीसरा गोल किया।*

## नीरज पेरिस डायमंड लीग से हटे : रिपोर्ट



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहजता के कारण रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लेंगे। ईएसपीएन से बातचीत में चोपड़ा ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

नीरज ने कहा, 'मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था। लेकिन मुझे लगा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रूक जाना ही ठीक है।' पिछले महीने फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते।

### कार्तिक बने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटोर

बेंगलुरु। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का बल्लेबाजी कोच और मेंटोर बनाया गया। कार्तिक ने पिछले महीने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।



आरसीबी ने एक्स पर लिखा, 'दिनेश कार्तिक का आरसीबी में स्वागत है। डीके आरसीबी पुरुष टीम के बल्लेबाजी कोच और मेंटोर होंगे। आप क्रिकेट से इंसान को बाहर कर सकते हैं लेकिन इंसान के भीतर से क्रिकेट नहीं निकाल सकते। उन्हें प्यार दीजिए।' कार्तिक ने कहा, 'पेशेवर स्तर पर कोचिंग को लेकर रोमांचित हूं। जीवन के इस नए अध्याय को लेकर भी काफी रोमांचित हूं। उम्मीद है कि एक खिलाड़ी के तौर पर मेरा अनुभव काम आएगा।' कार्तिक ने आईपीएल के पिछले सत्र में आरसीबी के लिए 187.36 के स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाए।

## पश्चिम बंगाल को हराकर हरियाणा बना रग्बी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा ने पश्चिम बंगाल को 19-7 से हराकर सीनियर पुरुष रग्बी सेवन के खिताब को बखूबी डिफेंड कर बता दिया की हरियाणा असल चैंपियन है। हरियाणा की राष्ट्रीय रग्बी सेवन में यह लगातार 7वीं स्वर्णिम जीत है। 11वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष रग्बी सेवन प्रतियोगिता के पहले दिन हरियाणा की टीम ने पहले मैच में छत्तीसगढ़ को 27-0 से हराया तथा दूसरे मैच में मणिपुर को 43-0 से हराकर टॉप 16 में जगह बनाई। दिन के दूसरे हाफ में हरियाणा ने प्री क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ को 38-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। प्रतियोगिता के दूसरे




दिन क्वार्टर फाइनल में हरियाणा ने 12-5 से महाराष्ट्र को कड़े मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मैच का पहला ट्राई कप्तान मोहित खत्री ने किया और उपकप्तान दीपक पुनिया कन्वर्जन करने में नाकामयाब रहे। इसी बीच महाराष्ट्र भी भी एक ट्राई करने में कामयाब रहा और दोनो टीम 5-5 की बराबरी पर आ गई। मैच के दूसरे हाफ में प्रिंस खत्री ने सफल ट्राई किया और दीपक पुनिया ने सफल कन्वर्जन कर टीम को 12 के स्कोर पर पहुंचा दिया। इसके बाद महाराष्ट्र मुकाबले में वापस नहीं आ सका। हरियाणा ने सेमीफाइनल ओरिसा टीम के साथ खेला और बहुत ही कड़े मुकाबले में ओरिसा को 15-14 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

### प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ



पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ रूस के इयान नेपोमनियाश्चि और वेस्ली 2.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि हॉलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव उन से आधा अंक पीछे हैं।

## आईसीसी टी20 विश्व कप टीम में 6 भारतीय, कोहली को जगह नहीं

एजेंसी ⏭ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप की 'टूर्नामेंट की टीम' में छह भारतीयों को शामिल किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में प्लेयर आफ द मैच रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इसमें जगह नहीं मिली है। सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले कोहली फाइनल से पहले किसी मैच में नहीं चले। फाइनल में उन्होंने 59 गेंद में 76 रन बनाए। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीता। आईसीसी एकादश में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को जगह मिली है।




- रोहित, सूर्यकुमार, हार्दिक, अक्षर, बुमराह और अर्शदीप को मिली जगह

### आईसीसी टूर्नामेंट की टीम

रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह (भारत), रहमानुल्लाह गुरबाज , राशिद खान, फजलहक फारूकी (अफगानिस्तान), मार्कस स्टोइनिस (आस्ट्रेलिया), निकोलस पूरन (वेस्टइंडीज) बारहवां खिलाड़ी : एनरिच नॉर्किया (दक्षिण अफ्रीका)।

### चार खिलाड़ियों का प्रारूप, खेले जाते हैं 20-20 मिनट के चार गेम

# आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स का खिताब

एजेंसी ⏭ लियोन

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बने। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे।

इस टूर्नामेंट में 20-20 मिनट के चार गेम खेले जाते हैं जिसमें हर चाल के बाद खिलाड़ियों को अगली



चाल चलने के लिए 10 सेकंड अधिक मिलते हैं। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था। इससे पहले शुरुआती सेमीफाइनल में टोपालोव के खिलाफ आनंद ने तीसरे गेम में जीत दर्ज की जबकि तीन और गेम बराबरी पर छूटे। भारतीय दिग्गज ने 2.5-1.5 से जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की थी।

## विश्व चैंपियनशिपः भारत को नहीं मिली मेजबानी

नई दिल्ली। भारत के शतरंज स्टार डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच 2024 विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर करेगा। फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इसके मायने हैं कि गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। ढाई मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाला यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। तमिलनाडु सरकार और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने विश्व शतरंज संस्था फिडे को मेजबाजी अलग-अलग





बोलियां सौंपी थीं। फिडे ने कहा, 'सिंगापुर सरकार से समर्थन के साथ सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है।'

ॐ Shanti
In Loving Memory of



02.07.1966 06.05.2023

Smt. Reshma Harbaksh Singh
On her Birthday 2nd July

What is one of the biggest gifts of life if not to know that there is someone who would fight the world for you & say things you are unable to. They silently give you shade from so high above that you don't even realise where it's coming from . Maa, you were born to be that island of relief and protection for so many. We personally feel it more and more as we grow to be stronger like you , for ourselves and others too . We love you so much that one's chest burst ! Love you forever and beyond !

In Remembrance

Sons: Vikkramaditya Singh, Singeshwar Singh & family
Mobile : 8104712288, 7738109926

चिंतन

# अब दंड नहीं न्याय संहिता एक और गुलामी से मुक्ति

एक जुलाई से देश एक और गुलामी के प्रतीक से मुक्ति पा ली है। राष्ट्र ने अंग्रेजों के समय बनाए गए आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट को पीछे छोड़ इनकी जगह तीन नए कानून विधानों को अपनाया है। दंड संहिता के भारतीयकरण की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अंग्रेजों के समय के दंड संहिताओं में दंड पर अधिक फोकस था, अब नए भारत में अमृतकाल में एक जुलाई से लागू तीनों कानून विधान, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 में न्याय पर अधिक ध्यान है। इन तीनों कानून विधान ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के स्तर तक सभी मामलों में न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिलेगा। नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होगी। हालांकि विपक्ष ने इस पर पुनर्विचार करने के लिए सरकार से कहा है, पर यह बस राजनीतिक प्रतिक्रिया भर है। अब भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली लागू हो गई है, जिनमें 'जीरो एफआईआर', ऑनलाइन पुलिस शिकायत पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से समन व जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल हैं। तीनों नए कानून विधान नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली सुनिश्चित करना है। पिछले साल संसद से पारित इन कानून विधानों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाने जाए बिना ई-संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। इससे पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। 'जीरो' प्राथमिकी से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करा सकता है, चाहे अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में न हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी। नए कानूनों के तहत पीड़ितों को प्राथमिकी की एक निःशुल्क प्रति दी जाएगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। नए कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा। गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे। फॉरेंसिक विशेषज्ञों का गंभीर अपराधों के लिए अपराध स्थल पर जाना और सबूत एकत्रित करना अनिवार्य बना दिया गया है। अपराध स्थल से सबूत एकत्रित करने की प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराई जाएगी ताकि सबूतों में किसी प्रकार की छेड़छाड़ को रोका जा सके। इस कदम से जांच की गुणवत्ता व विश्वसीयता बढ़ेगी। नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है जिससे दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी।



विश्वकप
विनोद कौशिक

# अब जीत से कम कुछ नहीं

वेस्टइंडीज के बारबाडोस में भारत को दक्षिण अफ्रीका पर मिली खिताबी जीत सिर्फ जीत ही नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक दर्शन है, जिसमें सीखने के लिए बहुत कुछ छिपा है। अगर इस खिताबी जीत को डिकोड किया जाए, तो हमारे सामने बहुत कुछ ऐसा निकलकर आता है, जिसे जीवन में शुरुआत से ही अपनाया जाए, तो यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। वास्तव में रोहित सेना की इस जीत ने तमाम फील्ड के पेशेवरों को कई बड़े संदेश दिए हैं, जो खिलाड़ियों ने सार्वजनिक जीवन में साबित करके दिखाए हैं। टीम भारत 4 वर्ल्ड कप जीतने वाली दुनिया की तीसरी क्रिकेट टीम बन गई है। इससे पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के नाम ही ये रिकॉर्ड दर्ज है।

अनुभवी, मेहनती और युवा सितारों से सजी भारतीय क्रिकेट टीम ने गजब का प्रदर्शन किया और 17 साल बाद भारत को टी-20 वर्ल्डकप का चैंपियन बना दिया। संतुलित और सधी हुई टीम ने शुरूआत से ही जीत का जज्बा दिखाया जो फाइनल तक जारी रहा। यह पहली बार है जब किसी वर्ल्डकप में भारत अजेय रहा और सभी मैच जीतकर चैंपियन बना है। वेस्टइंडीज के बारबाडोस में भारत को दक्षिण अफ्रीका पर मिली खिताबी जीत सिर्फ जीत ही नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक दर्शन है, जिसमें सीखने के लिए बहुत कुछ छिपा है। अगर इस खिताबी जीत को डिकोड किया जाए, तो हमारे सामने बहुत कुछ ऐसा निकलकर आता है, जिसे जीवन में शुरुआत से ही अपनाया जाए, तो यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। वास्तव में रोहित सेना की इस जीत ने तमाम फील्ड के पेशेवरों को कई बड़े संदेश दिए हैं, जो खिलाड़ियों ने सार्वजनिक जीवन में साबित करके दिखाए हैं। भारत ने 11 साल से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती, हर कोई बोलने लगा था कि भारत चोकर्स है, लेकिन टीम इंडिया ने दिखा दिया कि हम चोकर्स नहीं चैंपियन हैं। 2011 के बाद भारत ने 5 फाइनल खेले, पिछले वनडे वर्ल्ड कप में तो जीतते-जीतते हार गए। टीम को तमाम आलोचनाएं झेलनी पड़ी। इस बार भी रोहित ब्रिगेड ने ऐसा मैच जीता है, जिस फाइनल में हर कोई सोच रहा था कि इंडिया जीत नहीं सकती। अगर देखा जाए तो टी-20 में 30 बॉल पर 30 रन होते ही क्या हैं, लेकिन गेंदबाजों ने, फील्डर्स ने, रोहित शर्मा की बेहतरीन कप्तानी ने यह साबित कर दिया कि जीत के लिए रन नहीं, जज्बा चाहिए। इसी जीत के जज्बे कारण भारत ने दक्षिण अफ्रीका के जबड़े से जीत छीनकर इतिहास रचा। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारत पिछले 17 सालों में 3 वर्ल्ड कप अपने नाम कर चुका है। इनमें 2 टी-20 और 1 वनडे कप शामिल है। अब तक भारतीय क्रिकेट टीम ने 2 वनडे वर्ल्ड कप और 2 टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिए हैं।

टीम भारत 4 वर्ल्ड कप जीतने वाली दुनिया की तीसरी क्रिकेट टीम बन गई है। इससे पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के नाम ही ये रिकॉर्ड दर्ज है। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है, जबकि वेस्टइंडीज 4 बार वर्ल्ड चैम्पियन रह चुका है। दरअसल, 1983 में कपिल देव की कप्तानी में वेस्टइंडीज को हराकर भारतीय टीम पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2007 में पहला टी20 वर्ल्ड कप जीता। फिर 2011 में वनडे वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। 1983 के बाद यह पहली बार था, जब ट्रॉफी भारत की झोली में आई और अब इस साल 2024 में रोहित ब्रिगेड ने टी-20 वर्ल्ड कप फतह कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की और दुनिया में धमक दिखाई। इस जीत की गूंज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में सुनाई दी है। टीम में कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, सूर्य कुमार यादव समेत तमाम खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और बारबाडोस में जीत का झंडा गाड़ा। भारत की



यह जीत खासकर पेशेवर लड़ाई लड़ रहे लोगों के लिए जिंदगी बदलने वाली साबित हो सकती हैं, जैसे टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने बदलकर दिखाया। देखा जाए तो कोहली लगातार फ्लॉप होते रहे, आलोचना झेलते रहे, शुरआती 7 मैचों की इतनी ही पारियों में कोहली का औसत 11 से भी कम का था, लेकिन सबसे बड़े मौके और सबसे बड़ी जरूरत पर कोहली ने दिखाया कि किसी भी व्यवसाय में चैंपियन या योग्यता के क्या मायने हैं। बस आपका खुद में भरोसा बने रहना चाहिए। वहीं, जब कप्तान आगे रहकर नेतृत्व करता है और अगर वह एक-दो बार विफल होता भी है, तो पूरी टीम उसकी क्षतिपूर्ति के लिए एकजुट हो जाती है, रोहित ने अपनी कप्तानी, एप्रोच और फैसलों से कुछ ऐसा ही पूरे टर्नामेंट से साबित कर दिखाया। परिणाम से बेपरवाह जल्द विकेट गिरने पर भी रोहित ने शुरुआत से ही आक्रामक एप्रोच पर अमल किया। वह शुरू में सस्ते में आउट हुए, लेकिन संदेश साफ था कि एप्रोच से कोई समझौता नहीं होगा। बाकी खिलाड़ी भी इसी राह पर चले और सफलता ने संदेश पर पूरी तरह मुहर लगा दी।

फाइनल मैच में अफ्रीका को जीत के लिए 30 गेंदों पर 30 रन की दरकार थी और उसके हाथ में पांच विकेट भी शेष थे। यानी मैच पूरी तरह से उसकी मुट्ठी में था, लेकिन भारत को भी अपनी जीत पर पूरा भरोसा था और इसी भरोसे ने भारत को विश्व विजेता बना दिया। टीम भारत की एप्रोच, सोच, कप्तान के फैसलों, जुझारू क्षमता, समग्र प्रयास ने बताया कि हार तब होती है, जब आप इसे मानसिक रूप से स्वीकार कर लेते हैं, अगर आप जीत का जज्बा रखते हैं तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है। बस आपके हौसले बुलंद होने चाहिए। टीम भारत ने अंतिम क्षण तक हौसला नहीं खोया और जीत दर्ज कर दुनिया को दिखा दिया कि जज्बा क्या होता है। इसके साथ ही भारत ने आलोचकों के मुंह पर भी ताला लगा दिया।

जब बात बड़े मिशन, बड़े युद्ध और बड़ा लक्ष्य हासिल करने की आती है, तो यह टीमवर्क से ही हासिल किया जा सकता है। अपने हित (मसलन रिकॉर्ड को तरजीह देकर या बाकी बातों में उलझकर) कुछ हासिल नहीं किया जा सकता। खिताबी जीत ने संदेश दिया, हर शख्स का योगदान बड़े लक्ष्य को हासिल करने में अहम होता है। भारत का टी-20 विश्वकप का विजेता बनना इसलिए कहीं अधिक बड़ी और हर भारतीय को उत्साहित करने वाली उपलब्धि है, क्योंकि यह 17 वर्षों की लंबी तपस्या के बाद हासिल हुई। भारत ने इसके पहले 2011 में एक दिवसीय विश्वकप का खिताब जीता था। इस बार भारत ने अजेय रहते हुए टी-20 का विश्वकप अपने नाम कर लिया और क्रिकेट प्रेमियों समेत अन्य लोगों को भी उत्साह-उमंग से भर दिया।

इस पर आश्चर्य नहीं कि टी-20 का विश्व विजेता बनते ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जाडेजा ने क्रिकेट के इस प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। ऐसा करके उन्होंने न केवल एक उदाहरण स्थापित किया है, बल्कि नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर भी दिया है। इस खिताब ने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों की वर्षों की साध तो पूरी की ही, कोच राहुल द्रविड़ के गुरु ज्ञान को भी सार्थक कर दिया। भारत यह खिताब इसलिए अपने नाम कर सका, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम जोश और आत्मविश्वास से तो भरी हुई थी, अंतिम क्षण तक हार न मानने के जज्बे से भी लैस थी। इसी कारण वे हार के जबड़े से जीत खींच लाए। इस चमत्कृत करने वाली कामयाबी के लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है।

(लेखक खेल पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
निरंकार सिंह



# उत्तर प्रदेश पर भाजपा की क्यों कमजोर हुई पकड़?

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पायी। इसके बारे में कई तरह की बातें कही जा रही हैं। दरअसल प्रदेश और देश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बढ़ती लोकप्रियता से उनके मंत्रिमंडल के ही कुछ लोग परेशान से हैं। इन मंत्रियों की मुख्यमंत्री बनने की लालसा भी हिलोरें मार रही है। जाने-अनजाने में कुछ केन्द्रीय नेताओं का भी इन्हें संरक्षण मिल रहा था। ये लोग नहीं चाहते थे कि योगी की लोकप्रियता बढ़े। इसलिए लोकसभा के चुनाव में भाजपा को जिताने और बढ़ाने में इनकी कोई विशेष सक्रियता भी दिखायी नहीं पड़ी। अब पार्टी संगठन एक टास्क फोर्स बनाकर इसके कारणों की छानबीन कर रहा है। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने क्षेत्र में कार्यकताओं व जनता से सम्पर्क टूट गया था।

यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिए। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाये बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से सम्पर्क साधने की जरूरत नहीं समझी। ये लोग अपने घर पर ही ठेका -पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश में पार्टी का आई.टी. सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों और प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी सहित कई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाये गये। ब्राह्मणों-ठाकुरों को लड़ाया गया, दलितों और पिछड़ों को भरमाया गया। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलने तक की बातें तक कही गयीं। जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाये रखने का सवाल था इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। पन्ना प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनायी गयी जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नम्बरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर पर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गयी। हालांकि जो काम विपक्षी दलों का आईटी सेल कर रहा था वह भाजपा का आईटी सेल कर सकता था। पर उसे तो पता ही नहीं चला और उसके पास ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के नम्बर भी नहीं होंगे। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा को उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है।

(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## खुशहाली अपने भीतर प्रसन्नता की गहरी भावना



संकलित
दर्शन

आपको अपने भीतर प्रसन्न रहने की जरूरत क्यों है? जब आप प्रसन्नता की एक आंतरिक अवस्था में होते हैं, तब आप स्वाभाविक रूप से अपने आसपास हर किसी के साथ और हर चीज के साथ मधुर होते हैं। दूसरों के साथ अच्छे होने का निर्देश देने के लिए किसी धर्मग्रंथ या दर्शन की जरूरत नहीं है। एक ही सवाल से शुरू करते हैं, हम खुशहाली किसे मानते हैं? बिलकुल सीधे तौर पर, खुशहाली बस अपने भीतर प्रसन्नता की एक गहरी भावना है। अगर आपका शरीर सुखद महसूस करता है तो हम उसे स्वास्थ्य कहते हैं। अगर वह बहुत सुखद बन जाता है, तो हम उसे सुख कहते हैं। अगर आपका मन सुखद बनता है तो हम उसे शांति कहते हैं। अगर वह बहुत सुखद बन जाता है तो हम उसे ख़ुशी कहते हैं। अगर आपकी भावना सुखद बनती है तो हम उसे प्रेम कहते हैं, अगर वह बहुत सुखद बन जाती है तो हम उसे करुणा कहते हैं। अगर आपकी जीवन ऊर्जाएं सुखद बनती हैं, तो हम उसे आनंद कहते हैं। अगर वे बहुत सुखद बन जाती हैं तो हम उसे परमानंद कहते हैं। आप पूरा बस यही खोज रहे हैं, भीतर और बाहर की प्रसन्नता। जब प्रसन्नता भीतर होती है तो उसे शांति, आनंद या खुशी कहते हैं। जब आपके चारों ओर का माहौल सुखद बन जाता है, तो उसे सफलता का नाम दिया जाता है। अगर आपकी इनमें से किसी में भी रुचि नहीं है और आप स्वर्ग जाना चाहते हैं, तो आप क्या खोज रहे हैं? बस दूसरी दुनिया की सफलता!


## धैर्यता को धारण करना एक रचनात्मक प्रक्रिया



संकलित
प्रेरणा

इसमें कोई शक नहीं कि प्रतिदिन हम सभी कहीं न कहीं, कभी न कभी अधैर्य हो ही जाते हैं और उसका खामियाजा भी भुगतते रहते हैं, परंतु इस अधैर्यता रूपी जंजीर से मुक्त होना आज तक हममें से कोई सीख नहीं पाया। चाहते तो सभी हैं कि हम अधैर्यता से मुक्त हों,परंतु धैर्यता को सहज रीती से धारण करें कैसे? इस प्रश्न का उत्तर किसी के पास नहीं हैं। धैर्यता को धारण करना, यह एक रचनात्मक प्रक्रिया है जो हर कोई बड़ी आसानी से कर सकता है। इस प्रक्रिया का सबसे पहला कदम है खुले मन से यह स्वीकार करना कि हमारी अधीर्यता के निर्माता स्वयं हम खुद ही हैं और कोई नहीं अतः जैसे हमने निरंतर अधीर रहने की आदत को सालों साल पाला और पोसा है, ठीक उसी तरह हम धैर्य रखने की आदत को भी अपने भीतर जाग्रत कर सकते हैं। हमारी अन्य रचनाओं की तरह यह प्रक्रिया की शुरुआत भी हमारे मानस में ही होती है, जहां पर पहले हम धैर्य को धारण करते हैं और फिर अपने आत्मविश्वास के बल द्वारा उसे संपूर्ण रूप मे अपने भीतर उभारते हैं। कहते हैं कि सब्र का फल मीठा होता है और काली रात के बाद सुनहरा सवेरा होता है। निस्संदेह इसमें कोई शक नहीं कि 'धैर्यता का गुण' आज नहीं तो कल हमें सकारात्मक एवं मीठा फल अवश्य प्रदान करता ही है। यह तथ्य सिद्ध है कि 'धैर्य और विवेक' यह एक दूसरे के पूरक हैं, क्योंकि बहुधा जो लोग धैर्यशील होते हैं उनकी बुद्धिमता एवं गंभीरता का स्तर दूसरों की भेंट में कई गुना अधिक ऊंचा होता है।

अंतर्मन




आज की पाती


### बढ़ती जनसंख्या समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*-नीलम ठाकुर, दुर्ग*

ट्रेंड

### गुमराह की कोशिश न करें



मैं नेता प्रतिपक्ष से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करना चाहता हूं कि कृपया वो संसद को गुमराह करने की कोशिश न करें। अग्निवीर योजना के संबंध में बहुत सारे लोगों से, 158 संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया, उनके सुझाव लिए गए, तब यह अग्निवीर योजना लाई गई है।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### माफी मांगें राहुल



राहुल गांधी द्वारा सदन में हिंसक बुलाना, करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। नेता विपक्ष की मर्यादा को भंग करने वाले ऐसे विवादित और शर्मनाक बयान का कड़े शब्दों में विरोध करता हूं। इसके लिए राहुल गांधी को हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

-पियूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

### नहीं झुकते



हम लोहिया जी , शहीद ए आजम भगत सिंह जी, राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी , लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी को पढ़कर राजनीति में आए है, हम पर जितना जुल्म करना है करो, मगर हम डरने वाले नही है। मां भारती ने ऐसे बच्चे पैदा किए है जो किसी के आगे नहीं झुकते।

-संजय सिंह, आप नेता

### सच्चाई एक्स पर



यह परेशान करने वाली बात है कि लगभग पूरे मीडिया ने एक ही झूठ को एक जैसे शब्दों के साथ दोहराया। विरासती खबर न केवल फर्जी है, बल्कि मौलिक रूप से फर्जी भी है। सच्चाई एक्स पर है।

-एलन मास्क, उद्योगपति

करंट अफेयर

## आठ लाख अफगानियों को देश से बाहर निकालेगा पाक



पाकिस्तान ने बिना दस्तावेज वाले अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेजने की विवादास्पद योजना का दूसरा चरण शुरू करने की तैयारी कर ली है। पाक अधिकारियों के मुताबिक करीब 8 लाख अफगानियों को निष्कासित करने की योजना है। पिछले साल नवंबर में पहले चरण में लगभग 5 .41 लाख लोगों को देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। तब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की काफी किरकिरी हुई थी। अलजजीरा में छपी रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि यदि अफगान शरणार्थियों ने स्वेच्छा के साथ देश नहीं छोड़ा तो उन्हें गिरफ्तारी और निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। अफगानियों को अफगानिस्तान वापस भेजने के पहले चरण में पाकिस्तानी सरकार ने दावा किया था कि वहाँ पर लगभग 44 लाख अफगान शरणार्थी थे जिनमें से करीब 17 लाख के पास कोई दस्तावेज नहीं है। पाकिस्तानी सरकार ने सुरक्षा चिंताओं और संघर्षरत अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए कार्यवाई के फैसले को सही बताया था। दरअसल, अफगानिस्तान में जब से तालिबानी सरकार आई है तब से पाकिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के हमले बढ़ गए हैं।

ऑफ बीट

## धार्मिक अनुभव बदल सकता है मेटावर्स



नई तकनीकें हमेशा हमारे धार्मिक अनुभवों में नयापन और बदलाव लेकर आई हैं। 1880 के दशक में रेडियो सुनना कई लोगों की नजर में धार्मिक महत्व रखता था क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि रेडियो में सुनाई दे रही आवाज किसी और लोक से आ रही है। उस दौरान प्रेतात्माओं से संवाद करने के लिए होने वाली सभाएं काफी लोकप्रिय हो गई थीं क्योंकि कुछ लोगों को लगता था कि रेडियो ने आध्यात्मिक दुनिया के लिए एक द्वार खोल दिया है। भले ही दुनिया के कुछ हिस्सों में औपचारिक धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी देखी जा रही है, लेकिन नयी तकनीकें हमारे आध्यात्मिक जीवन में नयापन लाती रहेंगी। हमारे समय का सबसे नया माध्यम मेटावर्स एक सूचनात्मक और अनुभवात्मक तकनीक है, जहां उपयोगकर्ता आभासी वास्तविकता (वीआर) में बनाए गए सामाजिक वातावरण में बातचीत कर सकते हैं। मेटावर्स को पहले से मौजूद तकनीकों का उपयोग करके व्यवस्थित और निर्मित किया जा रहा है। इसके पूर्ण रूप और विकास के लिए उन तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता होगी जो अभी तक मौजूद नहीं हैं। उदाहरण के लिए, मौजूदा तकनीक का उपयोग करके 3डी ऑनलाइन स्पेस में तेजी से प्रतिपादन या कंप्यूटिंग संभव नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

संसद सत्र का छठा दिन

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार और भाजपा को 20 से ज्यादा मुद्दों पर घेरा

## सरकार ने कहा- राहुल ने लीडर ऑफ अपोजिशन की गरिमा को नीचा किया, उन्हें देश वासियों से माफी मांगनी चाहिए



# संसद में जोरदार हंगामा पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद सत्र के छठे दिन संसद में जमकर हंगामा बरपा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार और भाजपा को 20 से ज्यादा मुद्दों पर घेरा। उन्होंने हिन्दू, अग्निवीर, किसान, मणिपुर, नीट, बेरोजगारी, नोटबंदी, जीएसटी, एमएसपी , हिंसा, भय, धर्म, अयोध्या, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अडाणी-अंबानी, प्रधानमंत्री और स्पीकर की चर्चा की। उन्होंने 90 मिनट के भाषण की शुरुआत संविधान की कॉपी दिखाकर की। भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई। राहुल ने अग्निवीर, पीएम मोदी के परमात्मा से डायरेक्ट कनेक्शन और किसानों के एमएसपी कानून की बात कही। इस पर पीएम 2 बार, शाह-राजनाथ 3-3 बार, शिवराज चौहान और भूपेंद्र यादव को एक-एक बार खड़े होकर टोकना पड़ा। राहुल ने कहा- 'हिंदू डर नहीं फैला सकता।' बीजेपी डर फैला रही है। अयोध्या से शुरू करता हूं।' राहुल के इतना कहने पर अमित शाह खड़े हुए। कहा, 'नियम इन पर लागू नहीं होता क्या। ये पूरी बीजेपी को हिंसा फैलाने वाला बता रहे हैं। हाउस ऑर्डर में नहीं है। सदन ऐसे नहीं चलेगा।'

### एमएसपी

#### किसान ने एमएसपी मांगी आपने कहा- नहीं मिलेगी

राहुल गांधी ने कहा, 'किसानों ने ये कहा कि 16 लाख करोड़ उद्योगपतियों का कर्जा माफ हो सकता है तो हमारा भी थोड़ा सा कर दीजिए. किसान ने एमएसपी मांगी। आपने कहा क्या। आपने कहा कि आपको ये नहीं मिलेगी।'

#### शिवराज सिंह बोले- फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रहीं

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले- 'ये गलत बयानी कर रहे हैं। एमएसपी पर खरीद जारी है। उनकी सरकार थी तब बताएं कि एमएसपी पर कितनी खरीद होती थी। ये सत्यापित करें कि एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही।

### कृषि कानून

#### कृषि कानून अडाणी और अंबानी के लिए लाए गए

राहुल गांधी, 'किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए बनाया बिल इन्होंने रद्द किया। किसानों को डराने के लिए तीन कानून लाए। सच्चाई यह है कि यह अडाणी, अंबानी के लिए लाए गए।' आप उन्हें आतंकी कहते हो।

#### शाह बोले-गलत बयानी कर रहे, माफी मांगे राहुल गांधी

राहुल के इस बयान पर अमित शाह ने कहा कि ये कैसे बयान है कि किसान आतंकवादी है। ऐसे बयान के लिए आपको माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर सदन को गुमराह करने एवं गलतबयानी का आरोप लगाया।

### अग्निवीर

#### सरकार के लिए अग्निवीर योजना यूज एंड थ्रो

राहुल ने कहा- मैं पंजाब में अग्निवीर के परिवार से मिला, मैं उसे शहीद कह रहा हूं, हिंदुस्तान की सरकार उसे शहीद नहीं कहती। उसे अग्निवीर कहा जाता है, उसे पेंशन नहीं मिलेगी, उसे शहीद नहीं कहते, अग्निवीर यूज एंड थ्रो मजदूर है।

#### राजनाथ बोले, शहीद होने पर 1 करोड़ की सहायता मिलती

राहुल के इस बयान पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा- गलत बयानी करके सदन को गुमराह करा जा रहा है। अग्निवीर जब शहीद होता है तो उसके परिवार को 1 करोड़ की सहायता दी जाती है।

### हिंदुत्व

#### हिंदु डर नहीं फैला सकता आप नफरत फैला रहे

राहुल ने कहा- 'हिंदू डर नहीं फैला सकता।' बीजेपी डर फैला रही है। आप हिंदू हैं ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए, सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। ये इसलिए चिल्ला रहे हैं, क्योंकि तीर दिल में जाकर लगा है।'

#### जेपी नड्डा बोले, झूठ और नफरत का मिश्रण

राहुल के बयान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह गंभीर मामला है कि राहुल गांधी पूरे हिंदू समाज को हिंसक कह रहे हैं। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा और उन पर अपने भाषण में झूठ और नफरत का मिश्रण करने का आरोप लगाया।

### माइक का मुद्दा

#### कांग्रेस का आरोप-राहुल का माइक बंद किया गया

सदन में राहुल गांधी के बयानों के बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का माइक बंद कर दिया गया। विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा। यदि हम अपनी बात रखना चाहते है तो हमारे साथ गलत बर्ताव किया जाता है।

#### स्पीकर ने कहा, मेरे पास कोई बटन नहीं जिससे माइक बंद हो

इस आरोप पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप प्रतिपक्ष के नेता हैं, संसदीय मर्यादाओं का पालन कीजिए। मैं माइक बंद नहीं करता हूं, यहां कोई बटन नहीं है। आप जो बोलेंगे अभी कुछ रिकॉर्ड में नहीं आएगा।

### हाथ मिलाने पर

#### स्पीकर को मोदी से झुक कर हाथ नहीं मिलाना चाहिए था

राहुल ने कहा, 'मैंने आपसे (ओम बिरला) हाथ मिलाया तो आप सीधे खड़े रहे, जब मोदी जी ने आपसे हाथ मिलाया तो आपने झुककर हाथ मिलाया।' यह सही नहीं था। आपको ऐसा नहीं करना चाहिए था।

#### अध्यक्ष बोले-बड़ों से झुककर मिलना हमारी संस्कृति

इस पर अध्यक्ष ने कहा, 'मेरी संस्कृति और संस्कार में सिखाया गया है कि जो हमसे बड़े हैं, उनसे झुक कर मिलो और जो छोटे हैं उनसे बराबरी से मिलो।' हमें छोटे, बड़ों सभी का सम्मान रखना चाहिए और उसी के अनुसार व्यवहार करना चाहिए।

### खरगे बोले- आरएसएस की विचारधारा खतरनाक



राज्यसभा में खरगे ने आरएसएस की विचारधारा को देश के लिए खतरनाक बताया। इस पर सभापति जयदीप धनखड़ ने कहा- आरएसएस देश के लिए काम करती है। इसमें अच्छे लोग जुड़े हैं। इस पर खरगे ने कहा- आरएसएस की विचारधारा मनुवादी है। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने उनकी बात को राज्यसभा की कार्यवाही से हटाने की मांग की। धनखड़ ने उनकी मांग पर बयान को कार्यवाही से हटा दिया। राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- विपक्षी दल आम आदमी की बात करते हैं जबकि पीएम मोदी सिर्फ अपने मन की बात करते हैं। पीएम मोदी सिर्फ नारे देने में माहिर हैं। मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में कहा- मणिपुर जल रहा है, लेकिन सरकार उस पर ध्यान नहीं दे रही। हम कई बार कह चुके, लेकिन सरकार ने नहीं सुनी, अब मोहन भागवत भी बोल रहे हैं कि मणिपुर जल रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष पद की गरिमा घटाई



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और किरेन रीजीजू ने सोमवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने लोकसभा में 'अत्यधिक गैर जिम्मेदाराना भाषण' देकर नेता प्रतिपक्ष के जिम्मेदारी भरे पद की गरिमा को कम किया है। उन्होंने गांधी पर हिंदुओं को कथित तौर पर हिंसा से जोड़ने और झूठ फैलाकर उनका 'गंभीर अपमान' करने का आरोप भी लगाया। संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सदन में गांधी के भाषण में किये गए कई दावों को चुनौती दी है और लोकसभा अध्यक्ष से कार्रवाई करने की मांग की है।

### राहुल ने हिंदुओं नहीं, भाजपा के बारे में बोला



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को कहा कि उनके भाई और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते और उन्होंने सदन में भारतीय जनता पार्टी एवं उसके नेताओं के बारे में बोला है। प्रियंका सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी के भाषण को सुनने संसद भवन पहुंची थीं। प्रियंका ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, '' मेरे भाई कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। उन्होंने बहुत स्पष्ट बोला है।

### कांग्रेस नेता को बयान पर माफी मांगनी चाहिए



स्वामी अवधेशानंद गिरि कहते हैं, 'हिंदू हर किसी में भगवान देखते हैं, हिंदू अहिंसक, उदार और उदार हैं। हिंदू कहते हैं कि पूरी दुनिया उनका परिवार है और उन्हें हमेशा सभी के कल्याण, सम्मान और खुशी के लिए प्रार्थना करनी चाहिए'। हिंदुओं को हिंसक कहना या ये कहना कि वो नफरत फैलाते हैं, ठीक नहीं है। ऐसी बातें कहकर आप पूरे समाज को बदनाम और अपमानित कर रहे हैं और ये एक ऐसा समाज है जो सर्वसमावेशी है।' राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि हिंदू हिंसक होते हैं और हिंदू नफरत पैदा करते हैं... मैं उनके इन शब्दों की निंदा करता हूं। इससे पूरा समाज आहत है और संत समाज में गुस्सा है। इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।'

## नए आपराधिक कानूनों से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा के लिए विपक्षी सांसदों को मुझसे मिलना चाहिए : शाह



- हम विपक्षी दलों के सदस्यों के सुझाव सुनने को तैयार
- विपक्ष के आरोप 'संकीर्ण और घिसे-पिटे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को गुमराह करना

**नई दिल्ली (भाषा)।** विपक्षी दलों के नेताओं के विरोध के बीच सोमवार से नये आपराधिक कानून लागू होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों से अपनी शिकायतों पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने को कहा। साथ ही कहा कि वह विपक्षी दलों के सदस्यों के सुझाव सुनने के लिए तैयार हैं। शाह ने संवाददाता सम्मेलन में विपक्षी नेताओं के विरोध के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा, ''मैं किसी से भी मिलने के लिए तैयार हूं। हम मिलेंगे और समीक्षा भी करेंगे। लेकिन, कृपया (इस मुद्दे पर) राजनीति न करें।'' शाह ने इस आलोचना को खारिज कर दिया कि तीन नये आपराधिक कानून ''कठोर और दमनकारी'' हैं। उन्होंने कहा कि ये कानून आधुनिक हैं, पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ ही पुलिस बलों की जवाबदेही तय करते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि विपक्ष के आरोप ''संकीर्ण और घिसे-पिटे'' हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को गुमराह करना है। उन्होंने कहा कि ये कानून दोनों सदनों में बहस और संसदीय समिति द्वारा पड़ताल के बाद पारित किए गए हैं। शाह ने कहा कि राजनीतिक रंग वाले सुझावों को छोड़कर विपक्षी सदस्यों द्वारा दिए गए अधिकांश सुझावों को स्वीकार कर लिया गया।

### नए आपराधिक कानून के तहत दिल्ली पुलिस ने दर्ज की पहली प्राथमिकी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने कमला मार्केट इलाके में एक रेहड़ी-पटरी वाले के खिलाफ नए आपराधिक कानून 'भारतीय न्याय संहिता' के प्रावधानों के तहत रविवार देर रात को पहली प्राथमिकी दर्ज की। रेहड़ी पटरी वाले के खिलाफ प्राथमिकी ठेले पर पानी और तम्बाकू उत्पाद बेचकर सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने के आरोप में दर्ज की गई है। देश में सोमवार को तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में दूरगामी बदलाव आएंगे। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 आज से पूरे देश में प्रभावी हो गए हैं।

### आईपीसी की धाराओं की जगह, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू

302 (हत्या) की जगह होगी 103
307 (हत्या का प्रयास) 109
323 (मारपीट) 115
354(छेड़छाड़) की जगह 74
354ए (शारीरिक संपर्क और आगे बढ़ना) 76
354बी (शारीरिक संस्पर्श और अश्लीलता 75
354सी (ताक-झांक करना) 77
354डी (पीछा करना) 78
363 (नाबालिग का अण्डरण करस) 139
376 (रेप करना) 64
392 (लूट करना) 309
420 (धोखाधड़ी) 318
506 (जान से मारने की धमकी देना 351
304ए (उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करना 106
304बी (दहेज हत्या) 80
306 (आत्महत्या के लिए उकसाना 108
509(आत्महत्या का प्रयास करना 79
286(विस्फोटक पदार्थ के बारे में उपेक्षापूर्ण आचरण) 287
294( गाली देना या गलत इशारे करना) 296
509 लज्जा भंग करना) 79
324 जानबूझकर चोट पहुंचाना) 118(1)
325 (गम्भीर चोट पहुंचाना) 118(2),
353 (लोकसेवक को डरा कर रोकना 121
336 दूसरे के जीवन को खतरा पहुंचाना 125
337 (मानव जीवन को खतरे वाली चोट पहुंचाना) 125(ए)
338 (मानव जीवन को खतरे वाली चोट 125(बी)
341 (किसी को जबरन रोकना 126
284 विषैला पदार्थ के संबंध में अपेक्षा पूर्ण आचरण 286
290 (अन्यथा अनुबंधित मामलों में लोक बाधा दंड) 292
447 अपराधिक अतिवार 329(3)
448 (गृह अतिचार के लिए दंड) 329(4)
382 (चोरी के लिए मृत्यु क्षति 304
493 दूसरा विवाह करना) 82
495ए (पति या उसके रिश्तेदार द्वारा क्रूरता) 85

## नए फौजदारी कानून लागू होने पर विधि विशेषज्ञों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

- आधुनिकीकरण की दिशा में 'अहम कदम' करार दिया
- कुछ ने इसे कठोर और दिखावटी बदलाव बताया

**नई दिल्ली (भाषा)।** ब्रिटिशकालीन फौजदारी कानूनों के स्थान पर सोमवार से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर विधि विशेषज्ञों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। कुछ ने इसे फौजदारी न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में 'अहम कदम' करार दिया है, जबकि कुछ ने इसे 'कठोर' और 'दिखावटी' बदलाव बताया है। पूरे देश में एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसएस) लागू हो गया। इन तीनों कानूनों ने क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि वास्तविक सुधार करने के अवसर को गंवा दिया गया है और नए कानूनों में ''दिखावटी बदलाव'' किए गए हैं, जिसमें अदालतों, विशेष रूप से निचली अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या के महत्वपूर्ण पहलू की अनदेखी की गई है। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष आदिश सी अग्रवाल ने नए फौजदारी कानूनों को फौजदारी न्याय प्रदान करने की प्रणाली के आधुनिकीकरण और समयबद्ध न्याय प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

डिजिटल इंडिया के 9 साल पूरे

## पीएम बोले- यह सशक्त भारत का प्रतीक, जीवन बना आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को डिजिटल इंडिया के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला और पहल के नौ साल सफलतापूर्वक पूरे होने की सराहना की और कहा कि डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत का प्रतीक है जो जीवन को आसान बनाने और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है। उन्होंने पिछले दशक में की गई प्रगति की एक झलक भी साझा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मायगवइंडिया से एक रीपोस्ट में, पीएम मोदी ने लाखों नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने और अधिक सशक्त और पारदर्शी भारत को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने पोस्ट किया कि डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत है, जो 'जीवन की सुगमता' और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है। यह धागा प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के कारण एक दशक में की गई प्रगति की एक झलक देता है। पोस्ट में कहा आज, भारत मोदी सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया पहल के 9 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है, जिसने पूरे देश में जीवन को बदल दिया है। डिजिटल इंडिया पहल की कल्पना सभी नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सरकारी सेवाएं सुलभ बनाने के लिए की गई थी।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण
गृह मंत्रालय, भारत सरकार
सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-51, मॉडल जेल, चण्डीगढ़
एनआईए केस नं. 06/2024/एनआईए/डीएलआई में वांछित





नकद ईनाम : रुपये 10,00,000/- (दस लाख)
कुलबीर सिंह @ सिधु पुत्र सुखविंदर, निवासी निकट अनाज मण्डी गांव व डा. खरवान, यमुनानगर, पीएस सदर जगाधरी, हरियाणा।
उपरोक्त फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी करवाने की कोई जानकारी, कृपया एनआईए कंट्रोल रूम के साथ साझा कर सकते हैं। मुखबिर को 10 लाख रुपए का ईनाम दिया जाएगा और उसकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।
व्हाट्स ऐपः +91-8585931100, टेलीफोन नं. : 011-24368800, ईमेल आईडीः info.nia@gov.in
(एनआईए मुख्यालय, नई दिल्ली)
अथवा
व्हाट्स ऐप/टेलीग्रामः +91-7743002947, टेलीफोन नं. : 0172-2682901 और 0172-2682900, ईमेल आईडीः info-chd.nia@gov.in (एनआईए शाखा कार्यालय, चंडीगढ़)।
सीबीसी-19133/11/0010/2425

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव रिंढ़ाना में एज पेविंग रास्ता पर ब्रिक का निर्माण + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 118.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | गांव घड़वाल में बिरस्थॉ पाना चौपाल का निर्माण (वीएजीवाई) + 14 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 250.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पांची जाट्टान ब्लॉक गन्नौर में आदर्श तालाब (पानेसर वाला तालाब) का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 75.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव गंगेसर, ब्लॉक मुंडलाना, जिला सोनीपत में महमुदपुर रोड से हैचरी वाला तक ड्राई बीओई रास्ता का निर्माण (एचजीवीवाई 2024-25) + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.07.2024 | 213 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पुगथला, सरधाना और शेखपुरा में शैड और चारदिवारी रास्ता का निर्माण + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 102.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव पोपरा, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में आंगनवाड़ी से मेन रोड तक फिरनी का निर्माण + 8 कार्य। | 27.06.2024 11.07.2024 | 125.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव मलिकपुर, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में महिला चौपाल का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 7 कार्य। | 27.06.2024 11.07.2024 | 54.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 65257 |
| 8 | पंचायती राज कैथल | गांव जगदीशपुरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र (लेबर रूम और आवास के बिना) का निर्माण + 6 कार्य। | 25.06.2024 03.07.2024 | 150.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में सोहना ढाणी से मोहमदपुर गुज्जर तक कि.मी. 0.00 से 3.27 तक रोड पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 43.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में निमोट घंघोला से जुलाका बिलाका रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 3098) (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 38.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में पशु चिकित्सालय भोंडसी के लिए विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 2.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में जी.ए. रोड (सोहना) से सांपकी नांगली पर पैचवर्क हेतु विशेष मरम्मत (जोखिम व लागत)। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 1.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प चरखी दादरी | भिवानी जिले में प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प चरखी दादरी में गांव बिसलवास में उप स्वास्थ्य केन्द्र की विशेष मरम्मत। | 25.06.2024 05.07.2024 | 6.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812022251 pwd-eepd-dadri@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि भ व प चरखी दादरी | प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा चरखी दादरी के तहत दादरी बोंद रोड (एमडीआर-124) पर चरखी दादरी में रेवाड़ी हिसार सेक्शन पर कि.मी. 56/2-3 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 35 पर 4-लेनिंग आरओबी का निर्माण। | 27.06.2024 10.07.2024 | 4000.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812022251 pwd-eepd-dadri@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा हिसार में मेन स्टोर हिसार में 11.2 मिमी गेज बजरी की आपूर्ति, संग्रहण और परिवहन। | बंद होने की तिथि 03.07.2024 | 3.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 16 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर में ब्वॉयज और गर्ल्ज हॉस्टल की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 64.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 17 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | एमडीसी, सेक्टर-6, पंचकूला में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग (डीएमईआर) प्लॉट नं. आईपी-1 (पी) हेतु कार्यालय भवन का निर्माण (4 अदद पैसेंजर लिफ्ट्स का प्रावधान केवल)। | 20.06.2024 12.07.2024 | 78.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 18 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सांगर साढा और धूकरा की जलापूर्ति का वार्षिक रखरखाव। ''सांगर साढा और धूकरा में क्लोरीन गैस सिलैंडरों की रिफिलिंग और गैसियस टाइप फुल वैक्यूम क्लोरीनेशन सिस्टम का व्यापक रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।'' (2024-2029 अर्थात 5 वर्ष की अवधि के लिए) + 14 कार्य। | 28.06.2024 18.07.2024 | 142.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 19 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा, भिवानी | टीबी विभाग हेतु औषधियों और अन्य सुविधाओं की ई-निविदा, सिविल सर्जन, भिवानी। | 01.07.2024 15.07.2024 | 60000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813033739 csstorebwn2@gmail.com |
| 20 | पंचायती राज हिसार | अनिपुरा, हांसी1, शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण (एचआरडीएफ) + 7 कार्य। | 28.06.2024 04.07.2024 | 103.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 21 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | गांव बाढा, फरीदाबाद में यूडीडी नॉर्थ पोस्सार पम्प हाउस के लिए 50 एचपी मोटर स्टार्टर 01 अदद ट्रांसफॉर्मर सहित 2 अदद वीटी पम्प 10 सीएस. की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन तथा कोटला पम्प हाउस पर 2 अदद 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर सहित 50 एचपी मोटर स्टार्टर पैनल सहित 10 सीएस. के 4 अदद वीटी पम्पस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 01.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 2.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/420/27353/I/88/6 दि. 01.07.24




## खबर संक्षेप



### मथुरा में गिरी पानी की टंकी, दो लोगों की मौत

**मथुरा(एजेंसी)।** मथुरा के कृष्णा विहार इलाके में रविवार को पानी की टंकी गिरने से बड़ा हादसा हुआ। पानी की टंकी भरभराकर गिरने की वजह से दो लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के कृष्णा विहार इलाके का है। इस हादसे में एक बच्ची और एक महिला की मौत हुई है।

### बंगाल में भीड़ ने पीट पीटकर कर मार डाला

**सांबा/जम्मू (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। राज्य में भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किये जाने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 28, 29 और 30 जून को कोलकाता, सॉल्ट लेक और झारग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से 18 कैदी भागे

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित एक जेल से कम से कम 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गये। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी। घटना रावलकोट जेल में हुई जब एक कैदी ने सुरक्षाकर्मी को पिस्तौल का भय दिखाकर जेल की चाबियां छीन लीं।

### मप्र :दंपति व तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले

**भोपाल (भाषा)।** मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली।'' उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए अलीराजपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी की अगुवाई में टीम गठित की गई है।

## मौसम विभाग का दावा, अगले तीन दिनों में उत्तर भारत में बहुत बारिश

# जुलाई में भारत में सामान्य से अधिक हो सकती बारिश



भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है जो लंबी अवधि के औसत (एलपीए) 28.04 सेमी से 106 प्रतिशत अधिक रह सकती है। उन्होंने कहा, ''पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। आईएमडी ने स्पष्ट किया कि पिछले हफ्ते दिल्ली में हुई भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं थी।

जून में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई

अगस्त-सितंबर तक 'ला नीना' की उम्मीद

पिछले हफ्ते दिल्ली में भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं



### 'ला नीना' से मानसून के दौरान होती अच्छी बारिश

वैज्ञानिकों ने कहा है कि वर्तमान में 'अल नीनो' की स्थिति बनी हुई है और अगस्त-सितंबर तक 'ला नीना' की स्थिति बन सकती है। 'अल नीनो', मध्य प्रशांत महासागर के गर्म होने, भारत में कमजोर मानसूनी हवाओं और शुष्क परिस्थितियों से जुड़ा हुआ है। 'अल नीनो' के विपरीत 'ला नीना' से मानसून के दौरान अच्छी बारिश होती है।

### अरुणाचल में बारिश ने मचाई तबाही, प्रमुख नदियां उफान पर

**ईटानगर(भाषा)।** अरुणाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण सोमवार को कई जिलों में बाढ़ और भूस्खलन होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं और खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। खतरे के निशान से ऊपर बह रही कामेंग नदी ने पूर्वी कामेंग जिले के सेप्पा में कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस ने बताया कि राज्य की राजधानी के 'डिवीजन-चतुर्थ' क्षेत्र में हुए भूस्खलन से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और एक कार दब गई लेकिन कार चला रही महिला बाल-बाल बच गई।

**राजस्थान के कई हिस्सों में भारी बारिश**

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान में पिछले 24 घंटे की अवधि के दौरान कई जगह मध्यम से भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में राज्य में अच्छी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ मध्यम से भारी बारिश हुई।

### मानसून हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब में बढ़ा




**दिल्ली में भी बारिश होने की संभावना**

चार-पांच दिनों में पूरा भारत कवर करेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज गति पकड़ते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अगले चार पांच दिनों में पूरे भारत को कवर करने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। अभी यह उत्तर पश्चिम राजस्थान, दक्षिण पंजाब और दक्षिण पश्चिम हरियाणा को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों को कवर कर चुका है। आने चार-पांच दिनों में यह पूरे भारत को कवर कर लेगा। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### सड़क पर आया मगरमच्छ



*रत्नागिरी। बारिश के बाद नदी से बाहर आने के बाद मगरमच्छ सड़क पर चलता दिखाई दिया। इसके बाद लोगों में दहशत है। साथ ही यह चर्च में बना हुआ है।*

## सेना प्रमुख का साउथ ब्लॉक में रस्मी स्वागत

# सेना सभी चुनौतियों के लिए तैयार और सक्षम भी: द्विवेदी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद नव नियुक्त सेना प्रमुख ने कहा कि सेना 'अनूठी अभियानगत चुनौतियों' का सामना कर रही है।

### जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग हूं

सेना प्रमुख ने कहा कि मुझे सौंपी गई जिम्मेदारियों के प्रति, मैं पूरी तरह सजग हूं और मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है।'' उन्होंने कहा कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और प्रौद्योगिकी में बहुत तेज गति से बदलाव आ रहा है। भारतीय सेना अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना करती है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह जरूरी है कि हम अपने सैनिकों को आधुनिक हथियारों तथा प्रौद्योगिकी से लैस करते रहें।

### सुब्रमणि ने उप सेनाप्रमुख का संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सुब्रमणि ने सोमवार को उप सेनाप्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। इसके पूर्व में वह सेना की केंद्रीय कमांड के प्रमुख के रूप में तैनात थे। बीते रविवार को लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के नए सेनाप्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद केंद्र की ओर से लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि को उप सेनाप्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि की उप सेनाप्रमुख के रूप में नियुक्ति के बाद लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता को केंद्रीय कमांड के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया है। लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने शिमला स्थित सेना की ट्रेनिंग कमांड के प्रमुख (जीओसी-इन-सी) के रूप में कार्यभार संभाला है। इसके अलावा लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सेना की दक्षिण कमांड के प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी संभाली है।

## दक्षिण चीन सागर में बढ़ा तनाव

# चीन ने फिलीपीन तट के पास विमानवाहक पोत तैनात किया

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



चीन ने अपने दूसरे विमान वाहक पोत 'शेनडोंग' को फिलीपीन तट के नजदीक तैनात किया है और इसे इलाके में गश्त करते देखा गया है। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब फिलीपीन ने विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर दावा किया है, जिसपर बीजिंग भी अपना दावा करता है। चीन के सरकारी 'ग्लोबल टाइम्स' समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, विमानवाहक पोत शेनडोंग, फिलीपीन के जलक्षेत्र में गश्त करता देखा गया। यह चीनी द्वीपों और टापुओं पर 'निरंतर फिलीपीन के उकसावे' के खिलाफ एक प्रतिरोध के रूप में कार्य करता है। चीनी विशेषज्ञों के हवाले से अखबार ने कहा कि विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित सुदूर समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। शेनडोंग की तैनाती जनवादी मुक्ति सेना द्वारा दक्षिण चीन सागर में बड़े और मध्यम विध्वंसक पोत सहित प्रमुख युद्धपोतों के साथ-साथ जल व थल पर जाने में सक्षम मुख्य जहाज को तैनात करने के बाद हुई है।

## परीक्षाओं में धांधली का आरोप

# नीट-यूजी गतिरोध को लेकर छात्रों ने धरना किया समाप्त

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), नीट-पीजी (स्नातकोत्तर) और विश्व विद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में अनियमितताओं के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर छात्रों का विरोध प्रदर्शन सोमवार को समाप्त हो गया।

पिछले सप्ताह बुधवार को इंडिया अगेंस्ट एनटीए के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्रों ने उक्त परीक्षाओं में धांधली की खबरों के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था।



### छात्रों ने आज संसद मार्च का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), नीट-पीजी (स्नातकोत्तर) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में अनियमितताओं के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर धरना देने वाले छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को संसद की ओर मार्च करने का आह्वान किया है।

## सेबेक्स-2 घातक परमाणु, चंद सेकंड में मचा देगा तबाही

# भारत ने विकसित किया सबसे खतरनाक विस्फोटक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक सेबेक्स-2 विस्फोटक तैयार किया है। जिससे दुश्मन थरथर कांपेंगे और ये चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मचा देगा।भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपब्धियां हासिल कर रहा है। इसके साथ ही भारत रक्षा उत्पादन में भी पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस बीच भारत ने एक ऐसा विस्फोटक पदार्थ तैयार किया है जो ट्राइनाइट्रोटॉल्विन (टीएनटी ) से दोगुना ज्यादा घातक है। जिसे सेबेक्स 2 नाम दिया गया है। जिसे दुनिया के सबसे ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक माना जा रहा है। इसके विकसित होने के बाद भारत की विस्फोटक क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद है। इस नए विस्फोटक का वजन भी काफी कम है। सेबेक्स-2 के फॉर्म्युलेशन को भारतीय नौसेना ने सोमवार को टेस्टिंग के बाद सर्टिफाई भी कर दिया है।



### मेक इन इंडिया की बल्ले-बल्ले

*सूत्रों ने बताया कि इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत तेजी से पिघलने वाले विस्फोटक (एचएमएक्स) के कंपोजिशन के आधार पर सेबेक्स 2 को तैयार किया है। यह कंपोजिशन 'वॉरहेड्स की विनाशकारी क्षमता, हवा से गिरा जाने वाले बम, तोपखाने के गोले और अन्य युद्ध सामग्री की मारक क्षमता में बहुत इजाफा करेगी, जो लक्ष्यों को नुकसान पहुंचाने के लिए विस्फोट और विखंडन प्रभाव का उपयोग करते हैं।'*

### भारतीय नौसेना ने की टेस्टिंग

*इस विस्फोटक की भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत टेस्टिंग की गई है। इस विस्फोटक के इस्तेमाल से वर्तमान हथियारों की क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी होगी। यही नहीं भारत द्वारा विकसित कि गए इस विस्फोट को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी।*

### अब तक का सबसे घातक विस्फोटक

बता दें कि भारत का अब तक का सबसे घातक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया जाने वाला है। जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है। फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है।

### टीएनटी से दो गुना घातक है ये विस्फोटक

बता दें कि किसी विस्फोटक की क्षमता या उसकी ताकत को टीएनटी से तुलना कर आंकी जाती है। टीएनटी का मतलब ट्राइनाइट्रोटॉल्विन है जो दुनिया का सबसे लोकप्रिय और ताकतवर विस्फोटक है। एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल के बराबर होती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25